सुविचार

जीवन में कभी, किसी से अपनी तुलना मत करें, आप जैसे हैं सर्वश्रेष्ठ हैं।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews




ईशान किशन की तूफानी पारी ने हैदराबाद को प्लेऑफ में दिलाई जगह, चेन्नई को घर में मिली 5 विकेट से हार...

» पृष्ठ 7 पर


जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 137 | दिनांक : मंगलवार, 19 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540


# पीएम मोदी बोले, आतंकवाद के खिलाफ साथ खड़ा रहा नॉर्वे

## ग्रीन एनर्जी से ब्लू इकोनॉमी तक बढ़ा भारत-नॉर्वे सहयोग, मोदी का नॉर्वे संदेश : नए स्वर्णिम दौर में भारत-यूरोप संबंध

### भारत-नॉर्वे ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनर : मोदी

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली/ओस्लो

18 मई ( एएम नाथ )



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे दौरे के दौरान संयुक्त प्रेस वार्ता में भारत और नॉर्वे के संबंधों को नई दिशा देते हुए दोनों देशों के बीच ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत क्लीन एनर्जी, क्लाइमेट रेजिलियंस, ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन शिपिंग और टिकाऊ विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत और यूरोप के रिश्ते एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने नॉर्वे की सराहना करते हुए कहा कि यह देश प्रकृति और मानव विकास के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने नॉर्वे के प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार जताया और नॉर्वे के संविधान दिवस पर वहां की जनता को शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए भावुक स्वर में कहा कि पिछले वर्ष उनकी नॉर्वे यात्रा इसी हमले के कारण स्थगित करनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि उस कठिन समय में नॉर्वे ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़े होकर सच्चे मित्र का परिचय दिया। मोदी ने कहा कि आज नॉर्वे पहुंचकर वह इस एकजुटता के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया समेत दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है। ऐसे समय में भारत और यूरोपीय देशों के बीच मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने पिछले वर्ष भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच लागू हुए ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह समझौता भारत और नॉर्वे के साझा विकास और समृद्धि का ब्लूप्रिंट है।

### 100 अरब डॉलर निवेश और 10 लाख नौकरियों का लक्ष्य

मोदी ने कहा कि इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने इस समझौते को जमीन पर उतारने और ठोस परिणामों में बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि ग्रीन टेक्नोलॉजी, समुद्री अर्थव्यवस्था और सतत विकास के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे की साझेदारी आने वाले वर्षों में वैश्विक उदाहरण बनेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी को नॉर्वे ने भी दिया सर्वोच्च नागरिक सम्मान

### पिछले 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली नॉर्वे यात्रा

### कुल 32 देशों से अब तक मिला पीएम मोदी को इस तरह सम्मान

» प्रथम न्यूज । ओस्लो

18 मई ( एजेंसी )



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट% से सम्मानित किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिला 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। 'ग्रैंड क्रॉस% रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट का सर्वोच्च दर्जा है। यह सम्मान नॉर्वे के हितों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। इससे एक दिन पहले मोदी को स्वीडन के प्रतिष्ठित 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह सम्मान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया था। यह सम्मान विदेशी शासनाध्यक्षों को दिया जाने वाला स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी स्वीडन से दो दिवसीय यात्रा पर ओस्लो पहुंचे हैं। यह पीएम मोदी की नॉर्वे की पहली यात्रा है और पिछले 43 वर्षों में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे की पहली यात्रा है।

### ईरान से लेकर यूक्रेन पर की बात

पीएम मोदी ने सोमवार को पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए संवाद व कूटनीति का आह्वान करते हुए कहा कि केवल सैन्य कार्रवाई से स्थायी शांति प्राप्त नहीं की जा सकती है। मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं। पीएम ने मीडिया के लिये टेलीविजन पर प्रसारित अपने संदेश में कहा, भारत और नॉर्वे, दोनों ही नियम-आधारित व्यवस्था, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात से सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के लिए किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त न्यूज

### ऋषिकेश में पटरी से उतरी ट्रेन!

#### योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास हुआ हादसा



**ऋषिकेश ( ब्यूरो )**- ऋषिकेश में सोमवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास उज्जैनी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। गनीमत यह रही कि ट्रेन उस समय खाली थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए और हालात को संभालने में जुट गए।

जानकारी के मुताबिक, यह हादसा खंड गांव के पास हुआ, जहां उज्जैनी एक्सप्रेस की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। हालांकि इस घटना से रेल सेवाओं पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुरक्षा व्यवस्था संभाली और जांच शुरू कर दी है कि आखिर ट्रेन पटरी से कैसे उतरी?

### मॉस्को में यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक भारतीय की मौत, 3 घायल

#### भारतीय दूतावास मदद के लिए पहुंचा

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- रूस के मॉस्को में ड्रोन हमले में एक भारतीय मजदूर की मौत और तीन अन्य घायल हो गए। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के लोग इस घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। भारतीय दूतावास का कहना है कि वह घायल भारतीयों के संपर्क में हैं और जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस हमले में एक भारतीय समेत 4 लोगों की जान चली गई है।

मॉस्को में यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा, मॉस्को में ड्रोन हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दूतावास के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। दूतावास मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और पीड़ितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, साथ ही कंपनी प्रबंधन और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।




# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी भारत की ताकत

## राजनाथ सिंह का वियतनाम और दक्षिण कोरिया दौरा

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

18 मई ( ब्यूरो )



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 से 21 मई 2026 तक वियतनाम और दक्षिण कोरिया के अहम दौरे पर रहेंगे। इस दौरे का मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक मौजूदगी को और मजबूत करना है। साथ ही रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और रक्षा तकनीक में साझेदारी बढ़ाने पर भी जोर रहेगा। राजनाथ सिंह सबसे पहले 19 मई तक वियतनाम में रहेंगे, इसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया के दौरे पर रहेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दोनों देशों के साथ सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग साझेदारी और समुद्री सहयोग को नई मजबूती देना चाहता है।

**वियतनाम में ब्रह्मोस डील पर नजर**

रक्षा मंत्री के वियतनाम दौरे का सबसे बड़ा मुद्दा ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की संभावित डील मानी जा रही है। भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह मिसाइल दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइलों में शामिल है। सूत्रों के मुताबिक भारत और वियतनाम के बीच यह समझौता अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस डील की कीमत करीब 5,800 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अगर समझौता होता है तो वियतनाम ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन जाएगा। इससे पहले फिलीपींस और इंडोनेशिया यह मिसाइल खरीद चुके हैं। अगर ब्रह्मोस मिसाइल की बात करें तो यह आवाज की गति से करीब तीन गुना तेज उड़ान भर सकती है। इसकी मारक क्षमता लगभग 290 किलोमीटर तक मानी जाती है। दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते दबाव को देखते हुए यह मिसाइल वियतनाम की समुद्री सुरक्षा को काफी मजबूत कर सकती है। इसके अलावा भारत वियतनाम को तकनीकी सहयोग का भी प्रस्ताव दे सकता है। इसमें सुखोई-30 लड़ाकू विमान और किलो क्लास पनडुब्बियों की मरम्मत और अपग्रेड शामिल है। ये प्लेटफॉर्म वियतनाम ने पहले रूस से खरीदे थे।

वियतनाम दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि भारत और वियतनाम की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे हो रहे हैं। राजनाथ सिंह वहां के रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से भी अहम बैठक करेंगे। रक्षा मंत्री 19 मई को वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह की 136वीं जयंती पर उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि भी देंगे।

## हरियाणा में इलेक्ट्रिक वाहनों पर मिल सकती है 100त टैक्स छूट

### परिवहन मंत्री अनिल विज ने बढ़ाई फाइल

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चंडीगढ़ और दिल्ली की तर्ज पर ईवी वाहनों पर शत-प्रतिशत टैक्स छूट देने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में फाइल आगे बढ़ा दी गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रेरित हों। चंडीगढ़ में कैबिनेट बैठक से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए अनिल विज ने कहा कि यदि इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स में राहत दी जाती है तो लोगों का रुझान तेजी से ईवी वाहनों की ओर बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने जा रही है, जिससे सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को भी पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

विज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदूषण कम करना और हरित परिवहन को बढ़ावा देना है। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर टैक्स छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाए जाने संबंधी सवाल पर अनिल विज ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को कैबिनेट में लाने का अधिकार मुख्यमंत्री के पास होता है। कौन-सा प्रस्ताव बैठक में शामिल किया जाएगा, इसका अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच लगातार वर्चुअल बैठकें और समन्वय जारी रहता है तथा कई प्रशासनिक कार्य टेलीफोन के माध्यम से भी पूरे किए जाते हैं।



# भारतीय वायुसेना खरीदेगी कॉम्बैट सिम्युलेटर सिस्टम अग्नि

### यह सिस्टम भारतीय सेना की संयुक्त युद्ध तैयारी को और मजबूत करेगां

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

18 मई ( एएम नाथ )



भारतीय वायुसेना अब एक बेहद आधुनिक कॉम्बैट सिम्युलेटर सिस्टम खरीदने जा रही है। इसका नाम AGNI रखा गया है। AGNI- यानी एयर कॉम्बैट, ग्राउंड प्लानिंग एंड नेटवर्क इंटीग्रेटेड एक सिस्टम। यह सिस्टम पुराने फ्लाइट सिम्युलेटर से काफी अलग होगा। इसमें सिर्फ पायलट ही नहीं, बल्कि एयर डिफेंस कंट्रोलर और ग्राउंड कमांडर भी एक साथ ट्रेनिंग कर सकेंगे। सिम्युलेटर एक नकली सेटअप होता है जो असली जैसा काम करता है। जैसे फ्लाइट सिम्युलेटर में पायलट असली जहाज उड़ाए बिना ही कॉकपिट में बैठकर उड़ान भरने की प्रैक्टिस करता है। AGNI सिस्टम आधुनिक युद्ध जैसी स्थिति तैयार करेगा। इसमें वायुसेना, थलसेना और नौसेना के जवान एक ही वर्चुअल युद्धक्षेत्र में काम करेंगे।

आज के युद्ध सिर्फ लड़ाकू विमान तक सीमित नहीं हैं। अब रडार नेटवर्क, सैटेलाइट डेटा लिंक, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग, ड्रोन और साइबर ऑपरेशन भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखकर यह सिस्टम तैयार किया जा रहा है।

# पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदर जी में नतमस्तक हुए भगवंत मान

## बेअदबी विरोधी कानून को बताया देश के लिए मिसाल, बोले, धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

» प्रथम न्यूज । पटना

18 मई ( ब्यूरो )





बिहार की राजधानी पटना स्थित तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को माथा टेका और पंजाब समेत पूरी सिख संगत की खुशहाली, तंदुरुस्ती और चढ़दी कला के लिए अरदास की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने बेअदबी के खिलाफ देश का सबसे सख्त कानून बनाकर गुरु साहिबान के सत्कार और पवित्र शब्द गुरु की मर्यादा की रक्षा करने का रास्ता पूरे देश को दिखाया है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करोड़ों लोगों की आस्था पर सीधा हमला है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पंजाब में अब जो भी व्यक्ति बेअदबी करने की जुर्रत करेगा, उसे अपनी पूरी जिंदगी जेल में बितानी पड़ेगी। उन्होंने देश की अन्य राज्य सरकारों से भी अपील की कि वे धार्मिक भावनाओं की रक्षा के लिए इसी तरह के सख्त कानून लागू करें। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार इस संबंध में हर संभव सहयोग देने को तैयार है।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उन्हें दसवें पातशाह गुरु गोबिंद सिंह जी की पवित्र जन्मभूमि और चरण-छोह धरती में माथा टेकने का सौभाग्य मिला।

उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद से ही पंजाब सरकार को बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की सेवा मिली है। उन्होंने अरदास की कि पंजाब में अमन-शांति, भाईचारा और एकता और अधिक मजबूत हो तथा राज्य हर क्षेत्र में देश की अगुवाई करता रहे।

भगवंत मान ने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएं पूरी मानवता को सच्चाई, दया और विश्व भाईचारे का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि यह पवित्र धरती हर इंसान को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के बाद वह खुद को नई शक्ति और उत्साह से भरपूर महसूस कर रहे हैं और पंजाब के लोगों की सेवा के लिए पहले से अधिक प्रतिबद्ध हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब सरकार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मान-मर्यादा बनाए रखने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। इस मौके पर पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा भी मौजूद रहे।

# भाजपा लोकतंत्र का कत्ल कर रही, देश में अघोषित लॉकडाउन जैसे हालात : मुख्यमंत्री भगवंत मान

## तेल कीमतों, महंगाई और SIR पर केंद्र पर बरसे भगवंत मान

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

18 मई ( एएम नाथ )

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और जनता से अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति छिपाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश को अघोषित लॉकडाउन जैसे हालात में धकेल दिया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों को जानबूझकर स्थिर रखा और चुनाव खत्म होते ही तेल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर तक बढ़ोतरी कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई का बोझ जनता पर डाला जा रहा है और इसके लिए खाड़ी देशों में युद्ध जैसी वैश्विक परिस्थितियों को बहाना बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मांग की कि केंद्र सरकार देश के तेल, गैस और सोने के भंडार की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे ताकि लोगों को आर्थिक हालात की सही जानकारी मिल सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार विदेश दौरों में व्यस्त हैं, जबकि देश के लोगों को विदेश यात्राओं से बचने और 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने इसे विरोधाभासी स्थिति बताते हुए कहा कि सरकार लोगों से सच्चाई छिपा रही है। मान ने तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री देश की आर्थिक स्थिति और विदेश नीति पर जानकारी नहीं दे सकते तो उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से पूछ लेना चाहिए।

पंजाब में 15 जून से शुरू होने वाली मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन ( SIR ) प्रक्रिया को लेकर भी मुख्यमंत्री ने चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी वॉलंटियर्स को इस प्रक्रिया पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी वास्तविक मतदाता का नाम न काटा जाए और किसी

फर्जी मतदाता को सूची में शामिल न किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों में हेरफेर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है, जिसका पंजाब में कड़ा विरोध किया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार ( संशोधन ) अधिनियम, 2026 का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह कानून श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अपमान के मामलों में कड़ी सजा सुनिश्चित करेगा और दुनिया भर की सिख संगत की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस कानून को पूरी सख्ती और वास्तविक भावना के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त न्यूज

### मुंबई में आयोजित शनि देव जयंती समारोह में ममतामई श्री राधे मां उपस्थित हुई



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** मुंबई में स्थित जनमित्र फाउंडेशन के गोपाल शेट्टी द्वारा शनि देव जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष पूजा और विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए टल्ली बाबा ने बताया कि यह समारोह सप्ताह मैदान, महावीर नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई में आयोजित किया गया था। ममतामई श्री राधे मां बोरीवली वेस्ट स्थित राधे मां भवन से प्रस्थान कर इस कार्यक्रम में उपस्थित हुईं। आयोजकों द्वारा श्री राधे मां को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया तथा हरियाली के प्रतीक हरे भरे पेड़ पौधों के गमले भेंट किए गए। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए ममतामई श्री राधे मां ने बताया कि 16 मई को ज्येष्ठ अमावस्या के दिन शनि जयंती शनिश्चरी अमावस्या का पर्व पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा, हवन और अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की शांति, प्रगति और नागरिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। इस आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान शनि का तेल, काले तिल और फूल अर्पित करके आशीर्वाद लिया। इस विशेष दिन पर शनि दोष से मुक्ति के लिए जरूरतमंदों को काली उड़द, सरसों का तेल, लोहे की वस्तुएं और काले वस्त्र दान करने की परंपरा निभाई गई। वहीं आयोजकों द्वारा लंगर प्रसाद का विशेष व्यवस्था की गई थी।

### 4 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार



**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )** – थाना सदर गुरदासपुर की पुलिस टीम ने रमन मसीह नामक व्यक्ति को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 04 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर गुरदासपुर में एन.डी.पी.एस. एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अगली कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एस.एस.पी. आदित्य ने जिले के निवासियों से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने में पुलिस का सहयोग करें। यदि किसी के पास भी नशे की तस्करी या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी है, तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे । जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बाबा जस पब्लिक स्कूल, वर्पाल के 10वीं और 12वीं के नतीजे शानदार रहे

**ज़ीरा, 18 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – ज़ीरा तहसील के वरपाल गांव में स्थित बाबा जस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजे शानदार रहे! ज़ीरा में पत्रकारों से बात करते हुए बाबा जस पब्लिक स्कूल वरपाल के चेयरमैन मास्टर रन सिंह ने बताया कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित नतीजों में 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्वयं और स्कूल का नाम रोशन किया है। पवनदीप कौर ने 94 प्रतिशत, गगनदीप कौर ने 93 प्रतिशत, मुस्कान प्रीत कौर ने 93 प्रतिशत, शब्दजोत कौर ने 90.6 प्रतिशत, परभजोत कौर ने 90.4 प्रतिशत, जशनप्रीत कौर और सुखमनप्रीत कौर ने 90 प्रतिशत, पवनदीप कौर ने 87.8 प्रतिशत और नवदीप कौर ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल, स्वयं और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। बाबा जस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया।

### वार्ड नंबर 3 से AAP उम्मीदवार शिंदर कौर ढिल्लों की जीत सुनिश्चित है

**जीरा, 18 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – जीरा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पियारा सिंह ढिल्लों की पत्नी और आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती शिंदर कौर ढिल्लों की जीरा के वार्ड संख्या 3 से नगर कौशल सीट पर जीत लगभग निश्चित है!



जीरा में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदर कौर ढिल्लों के पति सरदार पियारा सिंह ढिल्लों ने कहा कि उन्हें वार्ड निवासियों का भरपूर प्यार और सम्मान मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के 17 पार्षदों की जीत से आम आदमी पार्टी के विधायक श्री नरेश कटारिया को मजबूती मिलेगी! पियारा सिंह ढिल्लों ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने शहर में काफी विकास कार्य किए हैं। शेष विकास कार्य भी जल्द ही पूरे किए जाएंगे! गौरतलब है कि श्रीमती शिंदर कौर ढिल्लों जीरा शहर की बेदाग छवि वाली शख्सियत हैं! एक ईमानदार और बेदाग व्यक्तित्व होने के कारण उन्हें जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त है।

# मकसूदां चौक बना लुटेरों का अड्डा, पुलिस सिर्फ तमाशबीन!

## बंदूक की नोक पर छीना-झपटी जारी, जालंधर पुलिस के हाथ अब भी खाली

### रात 9 बजे महिला को लूटने की कोशिश, लोगों के बाहर आते ही भागे बदमाश

» प्रथम न्यूज । जालंधर

18 मई ( ब्यूरो )







जालंधर का मकसूदां इलाका और मकसूदां चौक इन दिनों अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। इलाके में लगातार लूट, छीना-झपटी और बंदूक की नोक पर वारदातें होने से लोगों में दहशत का माहौल है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी बड़ी कार्रवाई में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

गत रात करीब 9 बजे मकसूदां चौक के पास एक महिला को बाइक सवार लुटेरों ने निशाना बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवक अचानक महिला के पास पहुंचे और उससे पर्स व मोबाइल छीनने का प्रयास करने लगे। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। भीड़ को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि महिला किसी बड़े हादसे का शिकार नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मकसूदां क्षेत्र में पिछले कई महीनों से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कभी राह चलते लोगों से मोबाइल छीने जा रहे हैं तो कभी महिलाओं और बुजुर्गों को बंदूक दिखाकर लूटा जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस सिर्फ गश्त के दावे करती है, जबकि जमीन पर कोई असर दिखाई नहीं देता। रात होते ही इलाके में असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं और आम जनता भय के साये में जीने को मजबूर है।

इलाके के दुकानदारों और निवासियों ने कहा कि कई बार पुलिस को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला शांत कर दिया जाता है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली और लापरवाही के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। मकसूदां चौक जैसे व्यस्त इलाके में अगर महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता आखिर किस पर भरोसा करे।

स्थानीय निवासियों ने पुलिस कमिश्नर सीपी धनप्रीत कौर से मांग की है कि मकसूदां इलाके में बढ़ते अपराधों पर तुरंत संज्ञान लिया जाए। लोगों ने क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने, संदिग्ध युवकों की जांच करने और सीसीटीवी निगरानी को मजबूत करने की मांग उठाई है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाए तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी वारदात हो सकती है। फिलहाल जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है और लोग यही सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर कब तक पुलिस मूकदर्शक बनी रहेगी।

# दोहा कतर में फंसे तरनतारन के युवक की मदद के लिए आगे आए डॉ. ओबराय

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर देश-विदेश में जरूरतमंदों के लिए मसीहा बनकर प्रतिदिन मानव सेवा की नई मिसालें कायम कर रहे दुबई के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ.एस.पी.सिंह ओबराय द्वारा अब दोहा, कतर में फंसे तरनतारन जिले के एक युवक को बचाने के लिए 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए डॉ. एस.पी. सिंह ओबराय ने बताया कि कुछ समय पहले ट्रस्ट की तरनतारन टीम के माध्यम से गांव जवंदा कलां की निर्मल कौर ने उन्हें बताया था कि उनका पति गुरदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह मजदूरी के लिए दोहा, कतर गया हुआ था। उन्होंने बताया कि जिस निर्माणाधीन बिल्डिंग में गुरदेव सिंह काम करता था, वह पिछले वर्ष फरवरी महीने में किसी कारणवश गिर गई थी और मलबे के नीचे आने से उनके साथ काम कर रहे एक पाकिस्तानी युवक की मौत हो गई थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उक्त घटना के लिए उस बिल्डिंग में काम करने वाले बाकी तीन व्यक्तियों, जिनमें गुरदेव सिंह, मोहम्मद खलील और सिकंदर आजम शामिल थे, को अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए भारतीय मुद्रा के अनुसार लगभग 50 लाख रुपये बतौर ब्लड मनी जुर्माना लगाया गया था। इसके तहत गुरदेव सिंह के हिस्से में लगभग 17 लाख रुपये आए थे।



उन्होंने बताया कि हालांकि कुछ समय जेल में रखने के बाद अदालत द्वारा गुरदेव सिंह को रिहा कर दिया गया था, लेकिन उसके भारत लौटने और काम करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने बताया कि गुरदेव सिंह पर लगे जुर्माने की बड़ी राशि गांववासियों द्वारा आपसी सहयोग से एकत्र कर ली गई है, जबकि कुछ राशि दोहा कतर में रह रहे उसके साथियों द्वारा दी जानी है। शेष आवश्यक 2 लाख रुपये आज ट्रस्ट के पंजाब प्रधान सुखजिंदर सिंह हेर, मनप्रीत सिंह संधू, नवजीत सिंह घई, तरनतारन प्रधान दिलबाग सिंह जोधा, कुलविंदर सिंह पिंका तथा मुखराम सिंह की मौजूदगी में गुरदेव सिंह की पीड़ित पत्नी निर्मल कौर को सौंप दिए गए, ताकि गुरदेव सिंह जल्द अपने परिवार के पास लौट सके। इस दौरान गुरदेव सिंह की पत्नी निर्मल कौर ने भावुक होते हुए इस बड़े प्रयास के लिए डॉ. एस.पी. सिंह ओबराय का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी इस मदद से उनका परिवार और उनकी दो छोटी बेटियां जल्द अपने पिता से मिल सकेंगी।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस '26 पर जिला अस्पताल में सेहत सही, लाभ कई५ के तहत निःशुल्क जांच शिविर

» प्रथम न्यूज । जालंधर

18 मई ( शिव कुमार )

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2026 के अवसर पर 17 मई 2026, को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जिला अस्पताल, में सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया गया ह्वशिविर में उपलब्ध सुविधाएं:

1. निःशुल्क बीपी जांच – डिजिटल मशीन द्वारा सटीक जांच
2. बीएमआई + शुगर जांच – मोटापा व डायबिटीज की स्क्रीनिंग
3. निःशुल्क दवा वितरण – लाल कार्ड वाले नए मरीजों को 1 महीने की दवा
5. मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी प्लेज वॉल – हस्ताक्षर कर संकल्प लें‐ मैं हर 6 महीने में बीपी चेक करवाऊंगा

**सभी 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक विशेष रूप से आमंत्रित रहे, साथ ही**





- जिन्हें सिरदर्द, चक्कर, थकान रहती हो
- जिनके परिवार में हार्ट अटैक/स्ट्रोक का इतिहास हो
- जो नमकीन, अचार, पापड़ ज्यादा खाते हों
- जो बीपी की दवा बीच में छोड़ देते हों

**स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई सेहत श्रृंखला के अंतर्गत, जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर पवन कुमारी का आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर सन्देश:**

3 चीज़ों का ध्यान ज़रूर रखिये रखिये पहला, बीपी चेक करवाओ। दूसरा, नमक कम खाओ। तीसरा, रोज 30 मिनट चलो।

याद रखो – टेंशन नहीं, अटेंशन दो। सेहत सही, लाभ कई। सलाम नमस्ते!

# खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज के विद्यार्थियों का ऑल इंडिया वेटरनरी एजुकेशनल टूर आयोजित

» प्रथम न्यूज । अमृतसर

18 मई ( साहिब दयाल )



खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज के अंतिम वर्ष के बी.वी.एस.सी. एंड ए.एच. विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय ऑल इंडिया एजुकेशनल टूर आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरीश कुमार वर्मा के दिशा-निर्देशों पर आयोजित इस शैक्षणिक दौरे का नेतृत्व एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर एवं टूर इंचार्ज डॉ. अविनाश डी. पाटिल ने किया। उनके साथ डॉ. शुभम ठाकुर, डॉ. रश्मि गोस्वामी और डॉ. के. लालावमपुई भी शामिल रहे। इस टूर में लड़के और लड़कियों सहित कुल 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 4 फैकल्टी सदस्य भी साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. वर्मा ने डॉ. पाटिल, उनकी टीम तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक दौरे की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के प्रसिद्ध वेटरनरी संस्थानों एवं सुविधाओं के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान इन शहरों के वेटरनरी कॉलेजों, वेटरनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स, कुत्तों, बिल्लियों और अन्य छोटे पशुओं के लिए इन-पेशेंट वार्ड तथा हैदराबाद स्थित प्रसिद्ध नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट का भी दौरा कराया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने बेंगलुरु के तकनीकी संग्रहालयों का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें वेटरनरी और संबंधित विज्ञानों से जुड़ी आधुनिक तकनीकी प्रगति के बारे में जानकारी मिली। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. वर्मा ने कहा कि पूरे टूर के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों, क्लीनिकल प्रक्रियाओं, रिसर्च मेथडोलॉजी तथा छोटे और बड़े पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े वैज्ञानिक प्रबंधन अभ्यासों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी का पहला कॉन्वोकेशन समारोह संपन्न: राज्यपाल ने छात्रों को बांटी डिग्रियां

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर

18 मई ( संदीप सन्नी )

गुरदासपुर स्थित सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी का पहला कॉन्वोकेशन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस.के. मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।





**मुख्य अतिथि और गरिमामयी उपस्थिति**

समारोह की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल और चांसलर गुलाब चंद कटारिया ने की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ( वन, खाद्य एवं सिविल सप्लाई विभाग ), बटाला के विधायक अमन शेर सिंह कलसी, बाबा बकाला के विधायक दलबीर सिंह टोंग और तकनीकी शिक्षा निदेशक मोनीश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। साथ ही, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के चांसलर डॉ. राजीव सूद, पंजाब विकास आयोग के सदस्य अनुराग कुंडू और जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित राज्य भर से आए कई प्रबुद्धजन इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने।

**राज्यपाल ने दीक्षांत संबोधन में दी सफलता की सीख**

अपने संबोधन में राज्यपाल चंद कटारिया ने छात्रों के भविष्य को संवारने में अभिभावकों और शिक्षकों की अहम भूमिका को सराहा। उन्होंने डॉ. मिश्रा के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक माहौल और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे सामाजिक कार्य सराहनीय हैं।

तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने छात्रों को आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए एआई (और उभरती तकनीकों में दक्ष होने और उनमें निरंतर वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**डिग्री वितरण और पदक समारोह**

दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 125 पोस्ट ग्रेजुएट और 435 स्नातक अंडर ग्रेजुएट छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। मेधावी छात्र सुधांशु शर्मा को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए चांसलर पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कई अन्य प्रतिभावान छात्रों को स्वर्ण पदक देकर नवाजा गया।

**समारोह का समापन**

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के गान और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक और पंजाब विकास आयोग के सदस्य अनुराग कुंडू ने भी यूनिवर्सिटी के प्रयासों की प्रशंसा की और छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

अंत में कुलसचिव डॉ. अजय कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रगान के साथ समारोह का गरिमापूर्ण समापन हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्रों और अभिभावकों में उपलब्धि और गर्व का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज़
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### चम्बा जिला में 411 पंचायत प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित

#### 4 प्रधान, 7 उप प्रधान सहित 400 पंचायत सदस्य चुने गए निर्विरोध

**चंबा ( एएम नाथ )**– उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जिला में 4 प्रधान, 7 उप प्रधान तथा 400 पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि विकास खंड भरमौर में 1 प्रधान, (ग्राम पंचायत तुंदाह) 2 उप प्रधान (ग्राम पंचायत नयाग्रां और गरौंडा) तथा 45 पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विकास खंड भटियात में 96 पंचायत सदस्य, विकास खंड चंबा में 1 उप प्रधान (ग्राम पंचायत चीलबंगला) तथा 57 पंचायत सदस्य, विकास खंड मैहला में 2 प्रधान (ग्राम पंचायत फागड़ी और भटवाडा), 2 उप प्रधान (ग्राम पंचायत कुठेड़ और बसौदन) तथा 67 पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार विकास खंड पांगी में 21 पंचायत सदस्य, विकास खंड सलूणी में 1 प्रधान, 1 उप प्रधान तथा 61 पंचायत सदस्य और विकास खंड तीसा में 1 उप प्रधान ग्राम पंचायत दियोला तथा 53 पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि विकास खंड सलूणी की ग्राम पंचायत करवाल में प्रधान, उप प्रधान एवं समस्त पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### संजौली में छह युवकों का सड़क पर हंगामा, पुलिस ने दबोचा

**शिमला ( एएम नाथ )**– शिमला के संजौली क्षेत्र में देर शाम सड़क बीच छह युवकों का हंगामा लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया। पुलिस गश्त के दौरान युवक आपस में लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां देते पाए गए। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मौके पर शांति भंग होने और किसी बड़ी वारदात की आशंका पैदा हो गई।

सूचना मिलते ही थाना संजौली पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने सभी को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान पवन कुमार निवासी कुल्लू, रितेश जरियाल निवासी चम्बा, कर्ण निवासी कुल्लू, आदित्य नेगी निवासी किन्नौर, इशान्त निवासी मण्डी और अंकित निवासी शिमला के रूप में हुई।

पुलिस जब आरोपियों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए आईजीएमसी लेकर पहुंची तो वहां भी युवकों ने हंगामा और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/170 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया और कलंदरा तैयार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने सभी को निजी मुचलके पर पाबंद किया है। मामले की अगली सुनवाई 23 जून 2026 को होगी।

### कनक क्रेशर में दुपट्टा फंसने से महिला की दर्दनाक मौत

**सोलन ( ब्यूरो )**– घरोट पंचायत के घरोट गांव में सोमवार को एक दुखद हादसे में 55 से 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला कनक क्रेशर मशीन में गेहूं के पूले डालने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका दुपट्टा मशीन में फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मशीन बंद कर महिला को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

मृतका की पहचान घरोट क्षेत्र के क्याटू गांव निवासी वता नामक महिला के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों को सौंपने की तैयारी शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है।

### मुख्यमंत्री ने वी.डी. सतीशन को केरलम का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी

**शिमला, ( बी. शर्मा )**– मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज तिरुवनंतपुरम में केरलम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर वी.डी. सतीशन को बधाई दी। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया और श्री सतीशन को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में केरलम विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।







# स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत सुक्खू सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार और माफिया राज पर जनता का करारा प्रहार : जयराम ठाकुर

## मुख्यमंत्री का झूठे, उन पर मंत्री भी नहीं करते यकीन, ममता बनर्जी जैसी है सुक्खू की हालत

» प्रथम न्यूज । शिमला
18 मई ( बी.शर्मा )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार, अराजकता और माफिया राज को जनता द्वारा पूरी तरह नकारने का स्पष्ट संदेश है। शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीप कमल में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के झूठे वादों, जनविरोधी निर्णयों और कुशासन से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ी है, माफिया तत्वों को संरक्षण मिला है और भ्रष्टाचार ने शासन व्यवस्था को खोखला कर दिया है। स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि जनता अब कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। मुख्यमंत्री झूठे हैं और उन पर उनके मंत्री ही भरोसा नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री चुनाव के परिणाम जानते थे इसी वजह से वह चुनाव से भागते रहे। अब वह परिणामों से विचलित हैं और ममता बनर्जी की तरह बातें कर रहे हैं। उन्हें आज का और आगे का भी जनादेश स्वीकार करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की चुनावी सफलता नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों के भाजपा के प्रति विश्वास और कांग्रेस सरकार के खिलाफ गहरे जनाक्रोश का प्रतीक है। जनता ने मुख्यमंत्री के झूठ, भ्रम और प्रचार की राजनीति को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी हार का अंदाज़ा पहले से था। यही कारण रहा कि कांग्रेस सरकार लगातार स्थानीय निकाय चुनावों से भागती रही और माननीय न्यायालय के आदेश के बाद ही चुनाव करवाने पड़े। अब चुनाव परिणामों ने साफ कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से पूरी तरह मोहभंग कर चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने इस ऐतिहासिक जीत में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेश की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश के अन्य चुनावों में भी जनता भाजपा को और अधिक समर्थन देकर कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देगी। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा, प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंद, शिमला जिला अध्यक्ष केशव चौहान समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को मिले अपार जनसमर्थन के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

## जनता का यह विश्वास और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा: मुख्यमंत्री

» प्रथम न्यूज । शिमला
18 मई ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शहरी निकाय चुनावों में कांग्रेस की शानदार जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 47 नगर निकायों में हुए चुनावों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने 32 निकायों में विजय हासिल कर यह साबित कर दिया है कि जनता का कांग्रेस सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को व्यापक जनसमर्थन मिला है, जिसके लिए उन्होंने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का यह भरोसा कांग्रेस सरकार को और अधिक निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। राज्य सरकार भविष्य में भी जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर लोगों तक उनका लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।



श्री सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समानता, संतुलित विकास और समाज के हर वर्ग के कल्याण की विचारधारा में विश्वास रखती है और यही सिद्धांत राज्य सरकार की कार्यशैली का आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर समाज को विभाजित करने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को पूरा किया है और गारंटियों से आगे बढ़कर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, मजदूरों और समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कांग्रेस सरकार ने गंभीर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि दूध के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक रूप से उगाई जाने वाली मक्की, गेहूं, जौ, कच्ची हल्दी और अदरक को भी समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में किसान आयोग का गठन किया गया है, जबकि सेब बागवानों की वर्षों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यूनिवर्सल कार्टन व्यवस्था लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कदमों से किसानों और बागवानों का कल्याण सुनिश्चित हुआ है तथा प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

उन्होंने नगर निकाय चुनावों में विजयी सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब सभी को मिलकर हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य करना होगा।

### जिला में पंचायती राज चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए 3813 अधिकारी एवं कर्मचारी होंगे तैनात : उपायुक्त मुकेश रेपसवाल



**चम्बा ( एएम नाथ )**– उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चम्बा में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले पंचायती राज चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए विभिन्न विकास खंडों में कुल 3813 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी के लिए सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि विकास खंड भरमौर में 464, भटियात में 766, चम्बा में 536, मैहला में 521, पांगी में 295, सलूणी में 632 तथा तीसा में 599 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि जिला भर में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए कुल 57 सेक्टर अधिकारी, 396 सहायक निर्वाचन अधिकारी, 824 पीठासीन अधिकारी तथा 2536 मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।

# राष्ट्र निर्माण में सिविल सोसाइटी की महत्त्वपूर्ण भूमिका - राज्यपाल

## जम्मू में रोटरी क्लब लीडरशिप लर्निंग सेमिनार को किया संबोधित

» प्रथम न्यूज । शिमला
18 मई ( बी.शर्मा )



राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रभावी नेतृत्व केवल किसी पद पर आसीन होना नहीं, बल्कि लोगों को साथ लेकर चलना, समाज की आवश्यकताओं को समझना और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनना है।

राज्यपाल ने गत सायं जम्मू में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 द्वारा आयोजित क्लब लीडरशिप लर्निंग सेमिनार को संबोधित करते हुए जम्मू, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली से आए प्रतिनिधियों की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी उपस्थिति सेवा, नेतृत्व और सामाजिक समर्पण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

रोटरी इंटरनेशनल के मार्गदर्शक सिद्धांत 'सर्विस एबव सेल्फ' की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि मानव सेवा के लिए समर्पित एक वैश्विक आंदोलन है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, आपदा राहत और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में रोटरी के योगदान को अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में सामाजिक संगठनों और स्वैच्छिक संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रोटरी जैसे संगठन समाज और प्रशासन के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। जब सरकार और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तभी व्यापक और सार्थक परिवर्तन संभव होता है।

राज्यपाल ने देश के सामने मौजूद सामाजिक चुनौतियों जैसे नशा सेवन, पर्यावरण असंतुलन, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य जागरूकता की कमी और युवाओं में बढ़ती सामाजिक दूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल सरकारी प्रयास इन समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है।

युवा पीढ़ी से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार क्षमता का उपयोग करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच अभियान, स्वच्छता अभियान, शैक्षिक सहयोग, पौधरोपण अभियान और आपदा राहत कार्य जैसी रोटरी क्लब की गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में की गई अपील का समर्थन करते हुए राज्यपाल ने नागरिकों से दैनिक जीवन में ईंधन बचत की आदत अपनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, निजी वाहनों का अनावश्यक उपयोग कम करने, ट्रैफिक सिग्नल पर इंजन बंद रखने तथा कार पूलिंग अपनाने का आग्रह किया।

राज्यपाल ने कहा कि ईंधन बचाना केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है, जो देश के आयात बोझ और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने क्षेत्र के सभी रोटरी क्लबों से ईंधन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया और कहा कि करोड़ों परिवारों द्वारा किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री देशवासियों से कोई आह्वान करते हैं, तो हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह उसे चरितार्थ करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने सामूहिक प्रयास और नागरिक चेतना को एक विकसित एवं जिम्मेदार समाज की पहचान बताया।

राज्यपाल ने रोटरी क्लब जम्मू, तवी और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सामाजिक सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रोहित ओबेरॉय, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रोटेरियन अनिल सिंघल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अविनाश महेन्द्रू, विशेष अतिथि पूर्व रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर रोटेरियन ए.एस. वेंकटेश, मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन शशांक रस्तोगी तथा सेमिनार समन्वयक रोटेरियन आशीष लांगर और गणमान्य उपस्थित थे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्ट्स का बड़ा आंदोलन 20 को

## -सोलन में बंद रहेंगी मेडिकल दुकानें, देशव्यापी हड़ताल को लेकर केमिस्ट्स ने बनाई रणनीति, प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन

» प्रथम न्यूज । सोलन
18 मई ( एएम नाथ )

देश में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में 20 मई को केमिस्ट्स और ड्रगिस्ट्स एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

इसका असर सोलन जिला में भी देखने को मिलेगा। जिलेभर के मेडिकल स्टोर बंद रखकर केमिस्ट्स आंदोलन का समर्थन करेंगे। यह हड़ताल ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एवं एचपीएससीडीए राज्य केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर की जा रही है।

जिला सोलन के सभी केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री, बिना डॉक्टर की पर्ची दवाएं देने और ऑनलाइन कंपनियों की भारी छूट नीति के खिलाफ विरोध जताएंगे।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा। इसमें ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने और छोटे केमिस्ट्स के हित बचाने की मांग उठाई जाएगी। जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद ने कहा कि दवाएं कोई सामान्य सामान नहीं हैं।

बिना सही जांच के ऑनलाइन दवाएं बेचना लोगों की सेहत के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कंपनियों की भारी छूट से छोटे मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।

**शिकायतों के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं**– एसोसिएशन के महासचिव विपुल शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में केमिस्ट्स ने लोगों तक लगातार दवाएं पहुंचाईं। इसके बावजूद ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर बार-बार शिकायतें देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ऑनलाइन दवा डिलीवरी पर सख्ती की मांगज्ञापन में जीएसआर 817 (ई) और जीएसआर 220(ई) को वापस लेने की मांग भी उठाई जाएगी।

एसोसिएशन का कहना है कि इन नियमों का गलत इस्तेमाल कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म दवाओं की तेजी से होम डिलीवरी कर रहे हैं।

केमिस्ट्स ने सरकार से मरीजों की सुरक्षा और छोटे लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोरों के हितों की रक्षा के लिए जल्द सख्त कदम उठाने की मांग की है। एसोसिएशन ने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

### हरियाणा पुलिस में बड़ा फेरबदल

## सिबाश कबिराज बने गुरुग्राम के नए पुलिस कमिश्नर



**चंडीगढ़( पुनीत महाजन )**– पंचकूला के पुलिस आयुक्त और साइबर व एससीआरबी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे सिबाश कबिराज को गुरुग्राम का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।

वहीं, अब तक गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर रहे विकास अरोड़ा को एडीजीपी प्रशासन, पुलिस मुख्यालय पंचकूला बनाया गया है। हरियाणा सरकार ने रविवार देर रात पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया।20 आईपीएस और एचपीएस अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले एवं नई नियुक्तियां कर दीं।

### हरियाणा के कई शहरों में किए गए हैं तबादले

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गुरुग्राम, करनाल, हिसार, पंचकूला और राज्य अपराध शाखा सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती की गई है।

विकास अरोड़ा जुलाई 2024 से गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त थे। लंबे समय बाद उनका ट्रांसफर किया गया। सिबाश कबिराज 1999 बैच के आईपीएस हैं।

## पशुओं को मुंह खुर रोग से बचाने लिए पशुपालन विभाग ने चलाया टीकाकरण अभियान



**पिहोवा 18 मई ( मुकेश डोलिया ).** पशुपालन विभाग की ओर से एसडीओ डॉ. सुरजीत सिंह कंडोला के नेतृत्व में गांव बीबीपुर कलां में पशुओं का टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान पशुपालकों को विभिन्न रोगों से पशुओं के बचाव की जानकारी दी गई।विभाग के चिकित्सक डॉ. संदीप जांगड़ा ने बताया कि सभी पशुओं को मुंह खुर रोग से बचाने के लिए सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा राज्य भर में पशुओं को मुंह-खुर एफएमडी रोग से बचाने के लिए ये टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इसके तहत पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण जारी है। जिसका उद्देश्य पशुओं को इस संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखना और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाना है। उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण कर रही हैं।वीएलडीए शमशेर सिंह ने बताया कि मुंह खुर और गलघोटू रोग बेहद पीड़ादायक है। इनमें मुंह खुर संक्रामक बीमारी है। जो एक पशु से दूसरे को लग जाती है। इससे बचाव बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण पशुओं के लिए बेहद सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसलिए सभी पशुपालक टीकाकरण जरूर करवाएं। इस मौके पर शमशेर सिंह वीएलडीए, शीशपाल राणा, अटेंडेंट विक्रम सहित कई पशुपालक मौजूद रहे।

## जल संरक्षण को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश, तय सीमा में अधिकारी करें कार्य को पूरा और संबंधित पोर्टल पर करें अपडेट : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र 18 मई ( बृज मोहन )** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को कहां की तय समय सीमा में अपने कार्य को पूरा करें और संबंधित पोर्टल पर जल संरक्षण के कार्यों को अपडेट करें इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जल संरक्षण को लेकर गठित जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला में बारिश के पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए सभी अधिकारियों को साझे प्रयास करने होंगे और निर्धारित समय अवधि में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना होगा। इस जिले में सरकारी विभागों के कार्यालयों पर तथा निजी घरों की छतों पर वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने के प्रति जागरूकता लानी होगी।

इस मौके पर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मनीष बब्बर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लक्ष्यों और किए गए कार्यों की समीक्षा प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को गंभीरता के साथ काम करना होगा। इस विषय को लेकर कुछ अधिकारी पूरी तरह गंभीर नहीं हैं।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि डी-प्लान से भी जल संरक्षण को लेकर कार्य किया जा सकता है। इस जिले में 187 कार्यों में से 58 कार्य चल रहे हैं, इस जिले में परंपरागत वाटर बॉडिज को लेकर भी 74 कार्यों पर काम किया जा रहा है। जिले में रियूज व रिचार्ज स्ट्रक्चर को लेकर 90 विकास कार्य चल रहे हैं। इस विषय को लेकर सभी विभागों को लक्ष्य दिए गए हैं। इसलिए अधिकारी समय रहते अपने लक्ष्यों को पूरा करें और प्रगति रिपोर्ट को फोटो सहित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# चंडीगढ़ में पुलिस और बदमाश में मुठभेड़, देर रात चली गोलियां

### बदमाश की तलाश में पुलिस ने की घेराबंदी, इलाके में दहशत, संदिग्ध अपराधी ने पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप

**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**18 मई ( पुनीत महाजन )**

सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे सोमवार देर रात पुलिस और एक संदिग्ध बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ से इलाके में सनसनी फैल गई। अचानक चली गोलियों की आवाज से आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। देर रात तक इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा और आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की जाती रही।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे एक संदिग्ध अपराधी घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही आरोपित ने भागने की कोशिश की और इसी दौरान पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। दोनों ओर से चली गोलियों के कारण आसपास के लोग घबराकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। घटना उस क्षेत्र में हुई जहां देर रात तक यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली चलने की आवाज सुनते ही लोग दुकानों और वाहनों के पीछे छिपते दिखाई दिए। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने आसपास की गलियों और संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध अपराधी की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। हालांकि देर रात तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि आरोपित पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ है या अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपित की पहचान और उसके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके। घटनास्थल से पुलिस ने कुछ साक्ष्य भी जुटाए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है।



# वृंदावन गार्डन कैथल में मनाई जाएगी महर्षि कश्यप जयंती : विधायक रामकुमार कश्यप

### -तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एडीसी ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

**» प्रथम न्यूज । कैथल**
**18 मई ( कृष्ण गर्ग )**

इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आगामी 24 मई को कुरुक्षेत्र रोड पर स्थित वृंदावन गार्डन में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महर्षि कश्यप ने पूरे समाज को नई राह दिखाई थी। महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। जो इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कैथल में आयोजित होने वाले महर्षि कश्यप जयंती समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसमें भारी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे।

जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक में विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में संत



महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जाती हैं। इसी संदर्भ में कैथल में महर्षि कश्यप जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। पहले इस कार्यक्रम के लिए विस्तार अनाज मंडी का स्थान निश्चित किया गया था।

जिसे अब बदलकर वृंदावन गार्डन कुरुक्षेत्र रोड कर दिया गया है। जहां भारी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर जारी हैं। इस आयोजन को लेकर समाज में विशेष उत्साह है और लोग पूरे उत्साह व जोश के साथ इस आयोजन में भाग लेंगे।

दूसरी ओर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, समाज के गणमान्य लोगों नरेश कश्यप बाबा लदाना, शमशेर सिंह एसडीओ, सुरेश कश्यप ने व प्रशासन की ओर से एडीसी डा. सुशील कुमार ने आयोजन स्थल का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। बिजली, पानी, शौचालयों सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए।

# मनुष्य हो, भगवान होना है...

### संसार में जितने भी ग्रंथ और उपनिषद ने बताया कि तू इंसान है, तू आगे भगवान हो सकता है

**चंडीगढ़ 18, मई ( मुकेश डोलिया )** संसार में जितने भी ग्रंथ और उपनिषद हुए उन्होंने बताया कि तू इंसान है, तू आगे भगवान हो सकता है । भगवान का अर्थ है तेरा अगला पूर्ण विकास जिसके बाद तू इस लोक से परलोक चला जाएगा । भगवान कौन है ? हम अगर कहीं पीछे चलकर देखें तो बुद्ध, सिद्धार्थ गौतम, हमारे जैसे इंसान थे जिनकी शादी भी हुई, बच्चा भी हुआ, मौत भी हुई जैसे हमारी होगी । वर्द्धमान भी पहले संसार में थे और एक दिन महावीर भगवान हो गए ।



नानक संसार में थे, शादी हुई, बच्चे हुए पर गुरु नानक भगवान हो गए । जीसस भी संसार में थे; तैंतीस साल की उम्र में शरीर की मृत्यु हुई और भगवान के बेटे हो गए ! तो संसार में जो भी जन्म लेता है, उसकी मृत्यु होती है और जन्म और मृत्यु के बीच में मनुष्य ने अगर भगवता को नहीं पाया तो उसका जन्म फेल हो गया यानि वो अगला विकास नहीं कर सका क्योंकि जानवर तक का विकास अपने आप होता है, कुछ करना नहीं पड़ता है ! पेड़ को कब कीड़ा-मकोड़ा बनना है, पंछी बनना है, जानवर बनना है, सब लिखा गया है, स्वचालित है! तू मनुष्य हुआ, ये तेरी कितने लाखों-करोड़ों साल की यात्रा है; पता है ? कोई एक लाख साल, कोई एक करोड़ साल, कोई दस करोड़ साल की उम्र भोगने के बाद इंसान के चोले में आता है ।

और मनुष्य जन्म मिलता है साठ, चालीस साल, कभी अस्सी साल, के लिए ताकि तू चाहे तो इस चक्रव्यूह को तोड़ सकता है, इस मरने वाले शरीर से मुक्त हो सकता है, इस दुख-सुख से मुक्त हो सकता है इसलिए हमनें इस मनुष्य देह में ही सब भगवान के चेहरे दिखाए । ये इस लोक से परलोक की यात्रा है ।

हमारी सुई यहीं पर अटक गई है, हम मर कर यहीं पैदा हो जाते हैं । उन्होंने इस लोक से अपने घर, परलोक, जाने की तैयारी कर ली। और ये धरती, धरती के नीचे पाताल और ऊपर कुछ लोक कहे, वहाँ तक की यात्रा मनुष्य देह में है पर सब को एक दिन इनके आगे जाना है, जिसे कहा पारब्रह्म! और वो आकाश के भी पार है । जैसे गुरु नानक देव ने कहा आकाश ते आकाश यानि इस पूरे गोल चक्र के बाहर है, आकाश के भी पार है । तुझे मर कर जमीन के नीचे योनियों में जाना है या कहीं एक-दो लोक ऊपर जाना है और फिर इस धरती पर लौटना है; या इस सब के पार अपने परमानेंट घर – पारब्रह्म – जाना है, वो तेरी मर्जी है । MAAsterG का अनमोल ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल ÒMAAsterGÓ पर निशुल्क उपलब्ध है ।

MAAsterG गारंटी देते हैं की 3-30 लेक्चर सुनने से ही आपको अपने जीवन में परिवर्तन दिखेगा।

# थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा 89 लाख 13 हजार की धोखाधड़ी मामले में आरोपी काबू, 3 आरोपी पहले गिरफ्तार

**» प्रथम न्यूज । कैथल**
**18 मई ( कृष्ण गर्ग )**

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार कैथल पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही थाना साइबर क्राइम में टीम इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की टीम द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी मामले में पिंजौर जिला पंचकूला निवासी विनय गुप्ता को पिंजौर से काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल टाउन कैथल निवासी सुधीर शर्मा की शिकायत अनुसार उसकी अनाज मंडी कैथल में आढ़त की दुकान है। दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात अजय शर्मा नामक व्यक्ति से हुई, जिसने उसे बीएफएक्स ट्रेडिंग स्कीम नामक कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। जिसने स्वयं को कंपनी का टीम लीडर बताते हुए मोटे मुनाफे का लालच दिया



और कहा कि कंपनी में निवेश करने पर 6 से 10 प्रतिशत मासिक लाभ मिलेगा तथा जरूरत पड़ने पर मूल राशि भी वापस कर दी जाएगी। उसको कंपनी की प्रेजेंटेशन, मोबाइल एप और सेमिनारों के माध्यम से विश्वास में लिया। इसके बाद उसे व उसके परिचितों को कालका, यमुनानगर, पिंजौर व अन्य स्थानों पर आयोजित सेमिनारों में ले जाया गया, जहां विदेशी टूर, भारी कमीशन और बड़े मुनाफे का लालच देकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। योजनाबद्ध तरीके से उससे अलग-अलग तिथियों में कुल 89 लाख 13 हजार रुपये की राशि प्राप्त की। नकद राशि लेने के अलावा विभिन्न बैंक खातों और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से भी पैसे ट्रांसफर करवाए गए। शुरुआती दौर में विश्वास बनाए रखने के लिए आरोपियों उसको ढाई लाख रुपये नकद मुनाफे के रूप में भी दिए। अपनी राशि वापस मांगी तो आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। दिसंबर 2025 में कालका स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में आरोपियों ने साफ कहा कि निवेश की गई राशि केवल हर महीने दो प्रतिशत किस्तों में ही लौटाई जाएगी। उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज कर लिया गया। उक्त मामले में पहले ही तीन आरोपियों अमित खेड़ा, हरनेक सिंह तथा रमेश दत्ता को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। आरोपी विनय गुप्ता भी उक्त वारदात में शामिल था। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही हैं।

## पिहोवा, शाहाबाद व पिपली अनाज मंडी से धीमा उठान करने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनियों पर लगाई पेनल्टी

कुरुक्षेत्र 18 मई (बृज मोहन ) उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पिहोवा, शाहाबाद व पिपली अनाज मंडी में उठान धीमा होने के कारण कंपनी पर पेनल्टी लगाई है। ठेकेदार को पेनल्टी की राशि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में जमा करवानी होगी। इसके साथ ही आगे से उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य जोरों पर चला हुआ है। मंडियों में निविदा समिति द्वारा नियुक्त किए गए श्रम व ढुलाई, परिवहन ठेकेदारों द्वारा गेहूं उठान कार्य सरकार द्वारा निर्धारित समय अवधि 72 घंटे के अंदर किया जाना होता है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को पिहोवा की अनाज मंडी के मैसर्ज वीएस ट्रांसपोर्ट कंपनी श्रम व ढुलाई ठेकेदार को 166500 रुपए पैनेल्टी नियमानुसार लगाई गई है। इसी तरह शाहाबाद मंडी मैसर्ज गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी श्रम व ढुलाई 12500 रुपए और पिपली मंडी के मैसर्ज महाराजा ट्रांसपोर्ट श्रम व ढुलाई ठेकेदार पर 14500 रुपए की पैनेल्टी नियमानुसार लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि टेंडर पॉलिसी की क्लोजनंबर 19 के तहत 72 घंटे के अंदर गेहूं का उठान न होने के कारण प्रति ट्रक 500 रुपये पैनेल्टी लगाई गई है। जिला में 409695 एमटी गेहूं की खरीद की जा चुकी है, इनमें से खरीद एजेंसियों ने 152540 एमटी गेहूं का गोदामों में और 750 एमटी को सीधे एफसीआई को भेजा है। उन्होंने कहा कि जिला की सभी अनाज मंडियों में फूड सप्लाई एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 275090 एमटी गेहूं की खरीद की है, इनमें से 102519 एमटी का उठान किया है। इसी तरफ हैफेड द्वारा 125317 एमटी गेहूं की खरीद की है, इनमें से 47681 एमटी का उठान किया गया है। हरियाणा वेयर हाउस की तरफ से 9288 एमटी गेहूं की खरीद की गई है, इनमें से 3090 एमटी का उठान किया जा चुका है।

# चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी सुमित उर्फ क्लच गिरफ्तार

**» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़**
**18 मई ( पुनीत महाजन )**

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सेक्टर-39 पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी सुमित उर्फ क्लच को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है

यह कार्रवाई कंवरदीप कौर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यूटी चंडीगढ़ के निर्देशों, के.एम. प्रियंका, पुलिस अधीक्षक सिटी चंडीगढ़ के मार्गदर्शन तथा धीरज कुमार, एसडीपीओ साउथ वेस्ट की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-39 की टीम, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर राजीव कुमार, एसएचओ सेक्टर-39 कर रहे थे, ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित उर्फ क्लच पुत्र सतिश निवासी मकान नंबर 929, जनता कॉलोनी, नया गांव जिला मोहाली (पंजाब), उम्र



27 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-39 चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर 85 दिनांक 17.05.2026 के तहत धारा 317(2), 341(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि एएसआई रचना ने गुरु नानक पब्लिक स्कूल, सेक्टर-37 चंडीगढ़ के पास आरोपी को एक मोटरसाइकिल चलाते हुए पकड़ा, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट ॥क्क-27-ञ्च-3513 लगी हुई थी। जांच के दौरान मोटरसाइकिल के पीछे लगा असली नंबर क्क्क-27-स्न-8518 पाया गया, जो मालोया, चंडीगढ़ क्षेत्र से चोरी की गई थी। सत्यापन में सामने आया कि यह मोटरसाइकिल मंडी ग्राउंड, मालोया से चोरी हुई थी।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हीरो होंडा मोटरसाइकिल नंबर PB-27-F-8518 बरामद कर ली है। जांच के दौरान आरोपी को 17 मई 2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना नया गांव, पंजाब में वर्ष 2020 में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आज का
# संपादकीय

## ज़िंदगी : एक एस्केलेटर, एक नदी और अनगिनत मोड़

### ज़िंदगी कभी सीधी रेखा की तरह नहीं चलती



**कनुप्रिया**
**(नूरपुर, हिमाचल प्रदेश)**

यह कभी एस्केलेटर की तरह हमें अनजान चेहरों के साथ कुछ दूर तक सफ़र करवाती है, तो कभी नदी बनकर पथरीले रास्तों के बीच अपना रास्ता स्वयं बनाती चली जाती है।

हम सोचते हैं कि जो लोग आज हमारे साथ हैं, वे हमेशा रहेंगे। लेकिन समय धीरे-धीरे यह सिखा देता है कि हर साथ अंतिम मंज़िल तक पहुँचने के लिए नहीं होता। कुछ लोग केवल कुछ दूर तक हमारे हमसफ़र होते हैं। वे हमारी यात्रा में आते हैं, हमारे भीतर कुछ बदलते हैं, कुछ सिखाते हैं और फिर किसी मोड़ पर चुपचाप उतर जाते हैं।

जब हम किसी से पहली बार मिलते हैं, तब हमें उसके भीतर चल रहे संघर्षों का अंदाज़ा नहीं होता। हम उसके स्वभाव, उसकी आदतों और उसकी दुनिया से धीरे-धीरे परिचित होते हैं। फिर एक समय ऐसा आता है जब वही व्यक्ति हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। उसकी मौजूदगी सुकून देने लगती है, उसकी बातें आदत बन जाती हैं और उसके साथ बिताया गया समय जीवन का सबसे सहज कोना लगने लगता है।

लेकिन हर रिश्ता हमेशा एक जैसी दिशा में नहीं चलता।

कई बार दो लोगों की सोच, उनके स्वभाव और जीवन को देखने का तरीका अलग-अलग राहों पर खड़ा दिखाई देता है। तब रिश्ते अचानक नहीं टूटते, बल्कि धीरे-धीरे भीतर से थकने लगते हैं। शब्द कम होने लगते हैं, भावनाएँ चुप होने लगती हैं और मन के भीतर एक अनकही घुटन जन्म लेने लगती है।

कुछ रिश्ते ऐसे मोड़ पर पहुँच जाते हैं जहाँ न पूरी तरह साथ चल पाना संभव होता है और न पूरी तरह अलग हो पाना आसान। हम अपने वादों, अपने लगाव और अपनी संवेदनाओं के कारण चुप रहते हैं, लेकिन भीतर ही भीतर टूटते भी जाते हैं।

जीवन सचमुच एक एस्केलेटर जैसा है।

उस पर लोग हमारे साथ कुछ देर चलते हैं। हम उनसे बातें करते हैं, अपने अनुभव बाँटते हैं, अपने दु:ख और सपने साझा करते हैं। फिर अचानक एक समय आता है जब वे किसी और दिशा में उतर जाते हैं। उनका जाना हमें अधूरा कर देता है। ऐसा लगता है जैसे सब कुछ रुक गया हो।

लेकिन किसी का चले जाना हमारी यात्रा का अंत नहीं होता।

उसका अर्थ केवल इतना होता है कि उनकी कहानी वहीं तक थी, जबकि हमारी कहानी अभी आगे बढ़नी बाकी है।

कई बार जीवन हमें ऐसे रास्तों पर ले आता है जहाँ चारों ओर केवल संघर्ष दिखाई देता है। रास्ते इतने पथरीले हो जाते हैं कि हर कदम चुभने लगता है। उस समय इंसान स्वयं को बेहद अकेला महसूस करता है। लेकिन शायद अकेलापन हमेशा सज़ा नहीं होता।

कभी-कभी वही अकेलापन हमारे भीतर छिपी हुई ताकत को जगाता है।

वह हमें यह एहसास करवाता है कि हम बिना किसी सहारे के भी चल सकते हैं। हमारे भीतर भी कुछ ऐसे गुण हैं जो परिस्थितियों और रिश्तों के शोर में कहीं दब गए थे। अकेलापन उन्हें बाहर आने का अवसर देता है।

नदी भी तो यही करती है।

वह संकरे रास्तों, चट्टानों और बाधाओं के बीच रुकती नहीं। रास्ते में आने वाले पत्थर उसे रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह हर रुकावट के बीच अपना रास्ता बना ही लेती है। वह पीछे मुड़कर नहीं देखती कि क्या छूट गया, क्योंकि आगे बहना ही उसकी नियति है।

अगर नदी रुक जाए तो वह नदी नहीं रह जाती। उसी तरह यदि इंसान अतीत की पकड़ में ही ठहर जाए, तो जीवन की धारा उससे आगे निकल जाती है।

कई बार अपने लोग भी हमें समझ नहीं पाते।

हम अपनी तकलीफ़ बताते रहते हैं, लेकिन वे हमारी चुप्पियों का अर्थ नहीं समझ पाते। वे हमारी घुटन को सुन ही नहीं पाते। ऐसे समय में कुछ हाथों को छोड़ देना कमजोरी नहीं होता, बल्कि स्वयं को बचा लेने का साहस होता है।

प्रकृति हर दिन हमें यही सिखाती है।

सूरज हर शाम ढलता है, फिर अगली सुबह लौट आता है। चाँद घटता-बढ़ता है। तारे निरंतर चमकते रहते हैं। नदियाँ बहती रहती हैं। उनमें से कोई भी अपने बीते हुए समय के लिए रुककर शोक नहीं मनाता।

शायद जीवन का सबसे सुंदर सत्य भी यही है –चलते रहना।

टूटकर भी, थककर भी, अकेले होकर भी। क्योंकि हमारी असली प्रगति दूसरों को दिखाने के लिए नहीं होती। वह हमारे अपने मन की शांति, आत्मविश्वास और आत्मचिंतन के लिए होती है।

ज़िंदगी का अर्थ केवल किसी मंज़िल तक पहुँचना नहीं, बल्कि हर मोड़, हर बिछड़न, हर संघर्ष और हर अकेलेपन से सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना है।

# विपक्षी राजनीति के सामने अस्तित्व बचाने की सबसे बड़ी चुनौती

**विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौतियां**

* साझा नेतृत्व का अभाव
* क्षेत्रीय दलों की आपसी प्रतिस्पर्धा
* सीट बंटवारे पर सहमति नहीं
* राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत चेहरा नहीं
* भाजपा के मुकाबले कमजोर रणनीति



देश की राजनीति में विपक्षी दलों की भूमिका लोकतंत्र की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार मानी जाती है, लेकिन हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने विपक्षी खेमे की कमजोरियों को खुलकर सामने ला दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में बड़े विपक्षी चेहरों को मिली हार ने विपक्षी राजनीति को गहरे संकट में डाल दिया है। चुनाव परिणामों के बाद अब विपक्षी दलों के बीच फिर से एकता और साझा रणनीति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को भाजपा से कड़ी चुनौती मिली। वहीं तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन में टूट की स्थिति पैदा हो गई है। कांग्रेस ने वर्षों पुराने सहयोगी डीएमके से दूरी बनाकर नई राजनीतिक संभावनाओं की तलाश शुरू कर दी है। असम में कांग्रेस की उम्मीदों को भी बड़ा झटका लगा। इन परिणामों ने साफ कर दिया है कि भाजपा के मुकाबले विपक्ष अब भी एकजुट रणनीति बनाने में असफल रहा है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विपक्षी दलों की सबसे बड़ी कमजोरी नेतृत्व को लेकर असहमति है। कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की अगुवाई अपने हाथ में रखना चाहती है, जबकि क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में मजबूत भूमिका चाहते हैं। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और एमके स्टालिन जैसे नेता अपने क्षेत्रों में प्रभावशाली जरूर हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर सर्वमान्य चेहरा बनने की स्थिति में नहीं दिखते।

**हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों ने विपक्षी दलों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में मिली हार के बाद विपक्षी एकता पर फिर सवाल उठने लगे हैं। भाजपा के मुकाबले विपक्ष अब भी मजबूत रणनीति और साझा नेतृत्व पेश करने में सफल नहीं हो पाया है। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच नेतृत्व को लेकर मतभेद लगातार बढ़ रहे हैं। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और अन्य नेता अपने-अपने राज्यों में प्रभाव रखते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर सर्वमान्य चेहरा नहीं बन सके हैं।**

**राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि विपक्ष को भविष्य में मजबूत चुनौती पेश करनी है तो उसे आपसी मतभेद भुलाकर साझा रणनीति बनानी होगी। केवल भाजपा विरोध के आधार पर राजनीति करना पर्याप्त नहीं होगा। जनता के सामने भरोसेमंद नेतृत्व और स्पष्ट एजेंडा रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।**


वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पटना में विपक्षी दलों की बड़ी बैठक हुई थी, जहां भाजपा के खिलाफ साझा मोर्चा बनाने पर सहमति बनी थी। लेकिन समय बीतने के साथ सीट बंटवारे, नेतृत्व और रणनीति को लेकर मतभेद बढ़ते गए। इसका असर लोकसभा चुनावों के साथ-साथ बाद के विधानसभा चुनावों में भी दिखाई दिया। हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार में भाजपा ने विपक्षी बिखराव का पूरा फायदा उठाया।

इतिहास गवाह है कि जब भी सत्ता पक्ष मजबूत हुआ है, विपक्षी दलों ने एकजुट होने का प्रयास किया है। 1960 के दशक में डॉ. राममनोहर लोहिया ने गैर-कांग्रेसवाद का नारा देकर विपक्षी एकता को नई दिशा दी थी। उसी रणनीति के चलते कई राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई। आज वही स्थिति भाजपा के खिलाफ देखने को मिल रही है, लेकिन विपक्षी दलों के बीच भरोसे की कमी उनकी राह मुश्किल बना रही है।

बंगाल चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वाम दलों के वोट प्रतिशत को जोड़ दिया जाए तो भाजपा से अधिक समर्थन विपक्ष के पास था। इसके बावजूद अलग-अलग चुनाव लड़ने से भाजपा को फायदा मिला। यही स्थिति अन्य राज्यों में भी देखने को मिली है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि विपक्ष यदि भविष्य में भाजपा को चुनौती देना चाहता है तो उसे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर साझा रणनीति बनानी होगी। केवल भाजपा विरोध के आधार पर राजनीति लंबे समय तक सफल नहीं हो सकती। विपक्ष को जनता के सामने स्पष्ट नेतृत्व, मजबूत संगठन और भरोसेमंद विकल्प प्रस्तुत करना होगा। फिलहाल विपक्षी दलों के सामने सबसे बड़ा संकट अपने अस्तित्व और विश्वसनीयता को बचाए रखने का है।

# दुनिया का एकमात्र अष्टमुखी शिवलिंग मध्य प्रदेश मंदसौर पशुपतिनाथ मंदिर



मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में शिवना नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर अपनी दुर्लभ अष्टमुखी शिव प्रतिमा के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह भारत का एकमात्र मंदिर है जहां भगवान शिव के आठों रूपों को एक ही शिवलिंग में उकेरा गया है।

भगवान शिव के 8 मुख, जीवन की 4 अवस्थाओं का वर्णन करते हैं। पूर्व का मुख बाल्यवस्था का, दक्षिण का मुख किशोरावस्था का, पश्चिम का मुख युवावस्था और उत्तर का मुख प्रौढ़ा अवस्था के रूप में दिखाई देता है।

**शिवना नदी से प्राप्ति** – यह प्रतिमा 19 जून 1940 को शिवना नदी से खुदाई में प्राप्त हुई थी। यहां उसे 1961 में स्थापित किया गया था।बताया जाता है कि आक्रांताओं से बचाने के लिए सदियों पहले इसे नदी में दबा दिया गया था।

नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में चारमुखी प्रतिमा है, जबकि मंदसौर का यह मंदिर विश्व में अपनी तरह का एकमात्र स्थान है जहां आठ मुखी शिवलिंग की पूजा होती है।

**अष्टमुखी शिव लिंग की मुख्य विशेषताएंआठ मुख ( अष्ट तत्व )**- शिवलिंग में भगवान शिव के आठ रूप- शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, पशुपति, ईशान और महादेव- अंकित हैं। जीवन की अवस्थाएं- इन आठों मुखों को जीवन की चार अवस्थाओं का प्रतीक माना जाता है- बाल्यकाल, किशोरावस्था, युवावस्था और प्रौढ़ावस्था।

**वजन और ऊंचाई** – करीब 4,600 किलोग्राम वजनी यह अद्वितीय प्रतिमा साढ़े 7.3 फीट ऊंची है और 11.3 फीट घेरे में है और इसका निर्माण पांचवीं या छठी सदी के दौरान हुआ था।

बताया जाता है कि शिवलिंग को सबसे पहले कालूजी धोबी के पुत्र उदाजी ने शिवना नदी में देखा था। लोगों का कहना है कि उदाजी धोबी इसी मूर्ति पर कपड़े धोते थे। उन्हें सपना आया कि जिस पत्थर पर वह कपड़े धोते हैं वह स्वयं भगवान पशुपतिनाथ है। उदाजी के कहे अनुसार उक्त स्थान की खुदाई करने के बाद भगवान की अष्ट मुखी प्रतिमा मिली थी। शिव को पशुपति (संसार के सभी जीवों और प्राणियों के स्वामी) के रूप में पूजा जाता है। इस अष्टमुखी शिवलिंग के दर्शन करने से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिवरात्रि/सावन जैसे प्रमुख त्योहारों पर यहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।



**शशि पाल**
**प्रवक्ता इतिहास**

# ( सादगी की चमक )



**नरेन्द्र भारती**
**वरिष्ठ पत्रकार**

उस शाम शहर के 'अलंकृति हॉल' में जैसे आकाश उतर आया था। बाहर सड़क पर गाड़ियों की कतार थी-काली, सफ़ेद, चमकती। भीतर प्रवेश करते ही रेशम, ज़री और इत्र की एक ऐसी लहर टकराती थी जो मन को पहले ही क्षण में दास बना लेती थी। दीवारों पर गुलाबी-सुनहरे पर्दे, छत से लटकते क्रिस्टल के झूमर, और फर्श पर बिछा वह कालीन जिस पर चलने से भी लगता था कि कहीं कोई मूल्यवान चीज़ पैरों तले रौंदी जा रही हो। आज अनन्या की तीसवीं जन्मदिन की पार्टी थी। तीस वर्ष-न युवावस्था का उन्माद, न प्रौढ़ता की थकान। बस वह संधि जहाँ स्त्री अपने आप को पहली बार बिना किसी आईने के देखती है। और अनन्या ने ठाना था कि इस संधि को वह स्मरणीय बना देगी।हॉल में दो सौ से अधिक लोग थे। रिश्तेदार, मित्र, सहकर्मी, और वे भी जिन्हें केवल 'सोशल कनेक्शन' कहते हैं। हर चेहरा मुस्कुरा रहा था, पर हर मुस्कान के पीछे एक सूक्ष्म प्रतिस्पर्धा छिपी थी। कौन अधिक चमकेगा, कौन अधिक सराहा जाएगा, कौन फोटो में केंद्र में होगा। महिलाएँ तो मानो युद्ध की तैयारी करके आई थीं।

मीनाक्षी ने बनारसी कांजीवरम पहना था, जिसकी किनारी पर सोने के तार इतने सघन थे कि प्रकाश पड़ते ही आँखें चौंधिया जाती थीं। उसके गले में तीन परतों का हीरे का हार था, जो उसकी साँस के साथ थिरकता था। रिया ने शिमर गाउन पहना था-सिल्वर, शरीर से चिपका हुआ, पीठ खुली। वह हर कदम पर अपने बाल झटकती थी, जैसे कैमरे को निमंत्रण दे रही हो। तनु ने डिज़ाइनर लहंगा पहना था, जिसे बनाने में छह कारीगरों ने तीन महीने लगाए थे। वह बार-बार अपनी चोली का पल्लू संभालती थी, जैसे उसे डर हो कि कहीं उसकी मेहनत किसी की नज़र से छूट न जाए।

और इन सबके बीच, एक कोने में, एक अकेली कुर्सी पर बैठी थी नेहा। नेहा को देखकर पहले तो लगता था कि कोई भूल से आ गई है। न भारी गहने, न डिज़ाइनर ड्रेस, न ऊँची हील। उसने हल्के मलमल की सफ़ेद साड़ी पहनी थी। साड़ी पर कोई कढ़ाई नहीं, कोई बूटी नहीं। केवल किनारी पर हल्की-सी सुनहरी लकीर, जो बिना ध्यान दिए दिखाई भी न देती। माथे पर छोटी-सी लाल बिंदी, कानों में मिट्टी के छोटे-से झुमके, पैरों में साधारण चप्पल। बाल खुले थे, पर किसी सलून की कारीगरी से नहीं-बस कंघी से सुलझाए हुए, जैसे गाँव की लड़की हवा में बाल खोल दे। उसका चेहरा न मेकअप से रंगा था, न झूठी मुस्कान से ढका था। आँखों में वही सहजता थी जो किसी नदी में होती है-बहती है, पर शोर नहीं करती। कुछ स्त्रियाँ उसे देखकर मुस्कुराईं। कुछ ने धीमे स्वर में कहा, देखो, नेहा आई है। लगता है सीधे मंदिर से लौट रही है। एक ने होंठ सिकोड़कर कहा, अरे, शायद जानबूझकर ऐसा किया हो। आजकल यही तो फैशन है-सादगी का दिखावा।

नेहा ने सुना। उसने कुछ नहीं कहा। उसकी आदत थी-शब्दों को वहीं छोड़ देना जहाँ से वे आए थे। उसे पता था कि जो व्यक्ति दूसरों की नज़रों से अपना मूल्य तय करता है, वह कभी शांत नहीं रह सकता। और उसे शांति प्रिय थी। वह यहाँ अनन्या के लिए आई थी। अनन्या उसकी कॉलेज की सहेली थी। दस वर्ष बीत गए थे, पर जब भी मिलती थीं, लगता था समय रुका हुआ है। अनन्या जानती थी कि नेहा न उपहार में महँगी घड़ी देगी, न ब्रांडेड बैग। वह एक किताब देगी, जिस पर उसने अपनी पेंसिल से कुछ पंक्तियाँ चिन्हित की होंगी। और आज भी उसने वही किया था-एक पुरानी कविता संग्रह, जिसके पहले पन्ने पर लिखा था, अनन्या, तू जैसी है, वैसी ही सुंदर है।अन्या ने गले लगाकर कहा था, तू बदलती ही नहीं नेहा। नेहा हँसी थी, बदलने की ज़रूरत ही क्या है, जब भीतर कुछ बचा हो।रात बढ़ी। खाना परोसा गया। संगीत तेज़ हुआ। डांस फ्लोर पर पैर थिरकने लगे। फोटो खिंचने लगीं-पोज़, स्माइल, क्लिक। हर कोई अपने सर्वश्रेष्ठ कोण की तलाश में था। और फिर वह क्षण आया, जिसका सबको इंतज़ार था। अन्या मंच पर आई। हाथ में माइक था, आँखों में चमक। उसने कहा, दोस्तों, आज की रात केवल पार्टी नहीं है। यह एक उत्सव है-जीवन का, दोस्ती का, और स्वयं के होने का। और इस उत्सव को और यादगार बनाने के लिए मैंने एक छोटी-सी प्रतियोगिता रखी है। नाम है- 'सबसे आकर्षक अंदाज़'। विजेता को मिलेगा यह- उसने अपने हाथ में पकड़ा हुआ डायमंड पेंडेंट ऊपर उठाया। नीली रोशनी में वह पेंडेंट ऐसा चमका जैसे कोई तारा हाथ में उतर आया हो। हॉल में सन्नाटा छाया, फिर हल्की-सी सरसराहट। प्रतियोगिता की घोषणा होते ही चेहरों पर भाव बदल गए। कुछ की आँखों में चमक आई, कुछ के होंठ सिकुड़े। यह केवल पेंडेंट की बात नहीं थी। यह प्रतिष्ठा की बात थी। मीनाक्षी ने अपने दुपट्टे को ठीक किया। रिया ने अपनी पीठ सीधी की। तनु ने अपने लहंगे की कढ़ाई पर हाथ फेरा। सब तैयार थीं।

पहला नाम पुकारा गया-मीनाक्षी। वह मंच पर आई जैसे कोई रानी दरबार में प्रवेश करे। कदम धीमे, आँखें ऊपर, होंठों पर वह मुस्कान जो अभ्यास से आती है। उसने अपने हार को छुआ, लहंगे को घुमाया, और अंग्रेज़ी में दो-चार वाक्य बोले-फैशन, कन्फिडेंस, सेल्फ-लव। तालियाँ बजीं। दूसरी आई रिया। उसने कैटवॉक किया, बाल झटके, और कहा, ग्लैमर इज़ नॉट अबाउट व्हाट यू वियर, इट्स अबाउट हाउ यू कैरी योरसेल्फ। लोग हँसे, वाह-वाह की। तीसरी आई तनु। उसने अपने लहंगे की कारीगरी के बारे में बताया। छह महीने, छह कारीगर, तीन शहर। तालियाँ और तेज़ हुईं। एक-एक करके दस महिलाएँ आईं। हर एक ने कुछ न कुछ कहा, कुछ न कुछ दिखाया। हॉल गूँज रहा था-वाह, अमेज़िंग, ब्यूटीफुल। और फिर माइक से आवाज़ आई-अब अंतिम प्रतिभागी-नेहा।

हॉल में एक पल को सन्नाटा छाया। कुछ लोगों ने आश्चर्य से एक-दूसरे को देखा। नेहा? वह भी? नेहा धीरे से उठी। उसने अपनी साड़ी का पल्लू ठीक किया, और मंच की ओर बढ़ी। उसके कदमों में न जल्दबाज़ी थी, न हिचक। वह ऐसे चल रही थी जैसे किसी मंदिर की सीढ़ियाँ चढ़ रही हो। मंच पर पहुँचकर उसने झुका कर प्रणाम किया। माइक के पास खड़ी हुई। हॉल में सन्नाटा था। केवल पंखों की सरसराहट सुनाई दे रही थी। नेहा ने आँखें उठाईं। उसकी आँखों में न डर था, न घमंड। केवल वह शांति थी जो वर्षों की आत्म-स्वीकृति से आती है। उसने कहा, नमस्कार। मैं नेहा हूँ। बस इतना ही।

फिर एक क्षण रुकी। जैसे शब्दों को भीतर से बुला रही हो। मैं यहाँ अनन्या के लिए आई हूँ। आज उसका दिन है, उसका उत्सव है। मुझे नहीं पता था कि यहाँ कोई प्रतियोगिता होगी। और सच कहूँ, मुझे यह भी नहीं पता कि 'आकर्षक अंदाज़' क्या होता है। उसने हल्की-सी मुस्कान दी। मैंने वही पहना जो मेरे पास था। वही पहना जिसमें मुझे सहजता लगे। मेरे पास न डिज़ाइनर ड्रेस है, न हीरे के गहने। मेरे पास केवल एक साड़ी है, जो मेरी माँ ने मुझे आखिरी बार मिलते समय दी थी। वह कहती थीं, बेटी, जब भी लगे कि दुनिया बहुत तेज़ भाग रही है, तुम ठहर जाना। और जब भी लगे कि तुम्हें खुद को साबित करना है, तुम याद रखना-तुम पहले से ही पर्याप्त हो।

नेहा की आवाज़ में कोई नाटकीयता नहीं थी। न ऊँची, न धीमी। बस एक ऐसी ध्वनि थी जो सीधे हृदय तक जाती है।

मैं नहीं जानती कि आप लोग मुझे कैसे देख रहे हैं। शायद किसी को लगे कि मैं जानबूझकर अलग दिखने की कोशिश कर रही हूँ। शायद किसी को लगे कि मैं मूर्ख हूँ। पर सच यह है कि मुझे खुद को साबित करने की ज़रूरत महसूस नहीं होती। क्योंकि मैं जानती हूँ-जो मैं हूँ, वही पर्याप्त है। उसने एक बार हॉल में नज़र घुमाई। आप सब बहुत सुंदर लग रही हैं। आपके कपड़े, आपके गहने, आपकी मेहनत-सब दिखाई दे रहा है। पर मैं आपसे एक बात पूछना चाहती हूँ-क्या आप भी उतनी ही सहज हैं जितनी सुंदर लग रही हैं? क्या आप भी, जब आईना देखती हैं, तो खुद से कह पाती हैं-हाँ, मैं ठीक हूँ, जैसी हूँ, वैसी ही अच्छी हूँ? हॉल में सन्नाटा और गहरा हो गया।

मुझे नहीं पता कि जज क्या निर्णय लेंगे। मुझे पेंडेंट नहीं चाहिए। मुझे केवल इतना चाहिए कि जब आप घर जाएँ, तो एक बार अपने आप से पूछें-क्या मैं अपने लिए जी रही हूँ, या दूसरों के लिए?

नेहा ने झुककर प्रणाम किया। और मंच से उतर गई। एक क्षण को लगा जैसे समय रुक गया हो। फिर, धीरे-धीरे, एक तालियाँ की आवाज़ उठी। अकेली। फिर दूसरी। फिर तीसरी। और देखते ही देखते पूरा हॉल तालियों से गूँज उठा। मीनाक्षी के हाथ रुक गए। रिया की मुस्कान फीकी पड़ गई। तनु ने अपना पल्लू छोड़ दिया।

जों ने आपस में कुछ बात की। उनके चेहरे पर वह भाव था जो तब आता है जब कोई अनपेक्षित सत्य सामने आ खड़ा हो। मुख्य जज, जो एक वरिष्ठ फैशन डिज़ाइनर थीं, माइक के पास आईं। उन्होंने कहा, आज हमने बहुत कुछ देखा। चमक, रंग, कारीगरी, आत्मविश्वास। पर हमने एक चीज़ पहली बार देखी-निर्भयता। उन्होंने नेहा की ओर देखा। आकर्षण केवल बाहरी नहीं होता। आकर्षण वह होता है जो भीतर से आता है। जो व्यक्ति खुद से प्रेम करता है, वह दूसरों को भी सहज कर देता है। आज नेहा ने हमें याद दिलाया कि सादगी कोई कमज़ोरी नहीं है। सादगी सबसे बड़ी शक्ति है। द्यउन्होंने घोषणा की, विजेता है-नेहा। हॉल फिर से तालियों से गूँज उठा। नेहा मंच पर आई। उसके हाथ में पेंडेंट रखा गया। वह चमक रहा था, पर नेहा की आँखों में उसकी चमक नहीं थी। उसकी आँखों में आँसू थे। अन्या दौड़कर आई। उसने नेहा को गले लगाया और कहा, तूने बता दिया नेहा। तूने बता दिया कि असली सुंदरता क्या होती है। नेहा ने पेंडेंट को अनन्या के हाथ में थमा दिया। बोली, इसे रख ले। मेरे लिए तो यह पल ही सबसे बड़ा इनाम है। रात समाप्त हुई। लोग विदा हुए। फोटो खिंचीं, वीडियो बने, स्टोरीज़ लगीं। पर अगले दिन, जब सब कुछ सामान्य हो गया, जब मेकअप उतर गया, गहने अलमारी में रख दिए गए, कपड़े हैंगर पर लटक गए-तब भी एक बात बची रही। लोग बात कर रहे थे नेहा की। ऑफिस में, चाय की प्याली के साथ। घर में, रात के खाने की मेज़ परव्हाट्सऐप ग्रुप में, सुबह के मैसेज में। कल नेहा ने जो कहा, वह सच था यार। हम खुद के लिए कब जीते हैं? मैंने रात भर सोचा। मैं सच में खुश नहीं हूँ। मैं बस दिखाना चाहती हूँ कि मैं खुश हूँ।नेहा ने तो कुछ नहीं किया। बस खड़ी हो गई और सच बोल दिया। और वही जीत गई।मीनाक्षी ने अपना हीरे का हार अलमारी में रखा और कहा, अब इसे शायद ही कभी पहनूँगी। रिया ने अपना गाउन दान कर दिया। कहा, अब इसे पहनकर मुझे घुटन होती है।तनु ने अपने लहंगे को संभालकर रखा, और कहा, इसे मैं अपनी बेटी को दूँगी, जब वह खुद से प्रेम करना सीख जाए। नेहा को कुछ नहीं पता था कि उसने क्या कर दिया है। वह तो अगले दिन अपने छोटे-से फ्लैट में लौट गई थी। जहाँ न झूमर थे, न कालीन। केवल एक खिड़की थी, जिससे सूरज की रोशनी आती थी। उसने किताब खोली। उसी कविता संग्रह को, जो उसने अनन्या को दिया था। एक पंक्ति पर उसकी नज़र ठहरी जो अपने होने में संतुष्ट है, वही सबसे सुंदर है। उसने मुस्कुराकर किताब बंद कर दी बाहर सड़क पर शोर था। कारों का, लोगों का, जीवन का।

पर उसके भीतर शांति थी। क्योंकि उसने जान लिया था सादगी को साबित करने की ज़रूरत नहीं होती। वह स्वयं ही प्रमाण होती है। और उस रात, अलंकृति हॉल में, जब सारी चमक धीमी पड़ गई थी, तब एक ही चमक बची थी-



## संक्षिप्त न्यूज़



## पीर बाबा ओल्ला शरीफ दरगाह का सालाना उर्स 24 मई को

**कुठाड़, 18 मई ( तारा )** – कृष्णगढ़ पंचायत में स्थित प्राचीन पीर बाबा ओल्ला शरीफ की दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन 24 मई को किया जाएगा।

दरगाह कमेटी के प्रधान हरिराम के इलावा सेवादार गुलाम साबर, निज़ामुद्दीन, मनोज कश्यप व श्याम लाल ने बताया कि इस दिन सायं 3 बजे दरगाह पर नियाज़ की चद्दर चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी ।उसके बाद लखदाता पीर का दंगल शुरू किया जाएगा,जिसमें क्षेत्र के इलावा बाहरी राज्य के नामी पहलवान अपने जौहर दिखाएंगे। रात्रि में मलेरकोटला के मशहूर कब्बाल बिट्टू एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा शाने कब्बाली प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक राम कुमार चौधरी मुख्य अतिथि होंगे व राणा अरुण सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा आज



**कुठाड़, 18 मई ( तारा )** – कृष्णगढ़ पंचायत के चीड़ू का पानी में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर व ठाकुरद्वारा में 19 मई ज्येष्ठ मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।मंदिर के पुजारी ब्रह्मचारी श्रवण स्वरूप स्वामी ने बताया कि इस दिन सुबह हनुमान जी की प्रतिमा को स्नानादि करवा कर प्रतिमा को चोल पहनाया जाएगा।

मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ व हवन यज्ञ किया जाएगा ।दोपहर बाद पूर्व नायब तहसीलदार बसंत राम ठाकुर की ओर से जनता के लिए भंडारा लगाया जाएगा। स्वामी ने क्षेत्र के सभी प्रभु प्रेमियों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## थल सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा पहली जून से 15 जून तक

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि थल सेना भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जेसीओ, ओआर एवं अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पहली जून से 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। थल सेना की वेबसाइट के माध्यम से जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन सीईई के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई को जारी कर दिए गए हैं।

कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि अभ्यर्थी अपने पंजीकरण विवरण का उपयोग कर भारतीय सेना की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वह परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों, परीक्षा की तिथि, परीक्षा केंद्र तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए समय-समय पर इस वेबसाइट का अवलोकन करते रहें और एडमिट कार्ड में अंकित सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

## अग्निवीर लिपिक और स्टोर कीपर भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– थल सेना अग्निवीर भर्ती 2025-26 के अंतर्गत जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के युवाओं के लिए आयोजित अग्निवीर लिपिक और स्टोर कीपर की भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि यह परिणाम वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

उन्होंने सभी सफल उम्मीदवारों से अपील की है कि वह 19 मई को सुबह 9 बजे थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर में आगामी औपचारिकताओं के लिए रिपोर्ट करें।

# निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पार्टी व मोदी जी पर भरोसे का प्रमाण : अनुराग सिंह ठाकुर

**» प्रथम न्यूज़ । शिमला**
**18 मई ( बी.शर्मा )**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पार्टी व मोदी जी पर जनता के भरोसे का प्रमाण बताया है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा देवभूमि हिमाचल प्रदेश में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय भाजपा व आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है। नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के परिणाम से साफ़ है हिमाचल में जनता कांग्रेस की भ्रष्ट व असफल नीतियों से त्रस्त आ चुकी



है और आने वाले विधानसभा चुनावों में बदलाव का मन बना चुकी है। यह जीत भाजपा के एक-एक समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल है। मैं हिमाचल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री राजीव बिंदल जी व भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता व चुनावों में भाग लेने वाले सभी सम्मानित मतदाता को बधाई देता हूँ व इस बड़ी जीत के लिए उनका आभार प्रकट करता हूँ

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा हिमाचल प्रदेश की जनता मौजूदा कांग्रेस सरकार के रूप में इतिहास की सबसे दिशाहीन, असंवेदनशील और निकम्मी सरकार के शासन को देख रही है। हिमाचल के 7 दशकों के इतिहास में आज की मौजूदा कांग्रेस सरकार सबसे भ्रष्ट और निकम्मी सरकार है जिसके ख़िलाफ़ जनता में भयंकर आक्रोश है। यह सरकार ना जनभावनाओं पर ना ही अपने वादों पर खरी उतर पाई इसलिए जनता ने कांग्रेस को इन निकाय चुनावों में ख़ारिज कर भाजपा पर भरोसा जताया है और 2027 में भी हिमाचल की जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ कर सुशासन की भाजपा सरकार लाने का मन बना लिया है।




# पंडित प्रेमनाथ डोगरा जम्मू-कश्मीर के भारत में एकीकरण के सच्चे शिल्पकार : राज्यपाल

### राज्यपाल ने प्रेमनाथ डोगरा को श्रद्धांजलि अर्पित की

**» प्रथम न्यूज़ । शिमला**
**18 मई ( बी.शर्मा )**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज जम्मू के पुराने शहर के कच्ची छावनी क्षेत्र स्थित प्रेमनाथ डोगरा भवन में पंडित प्रेमनाथ डोगरा के परिजनों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंडित प्रेमनाथ डोगरा महान डोगरा राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ पूर्ण और बिना शर्त एकीकरण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्रता के बाद के इतिहास के सबसे महत्त्वपूर्ण राष्ट्रवादी नेताओं में से एक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी ने अपने साहसी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर 'शेर-ए-दुग्गर' के रूप में अपनी पहचान कायम की। उनके विचार और त्याग आज भी देशभर में राष्ट्रवादी और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल ने प्रजा परिषद के अध्यक्ष के रूप में पंडित डोगरा जी के उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए कहा कि 'एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' के



ऐतिहासिक आंदोलन के नेतृत्व की गूंज पूरे देश में सुनाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर उनके निरंतर संघर्ष ने अंततः जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ संवैधानिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि डोगरा जी की गिरफ्तारी, त्याग और अदम्य संकल्प ने उन्हें स्वतंत्र भारत के अग्रणी राष्ट्रवादी नेताओं की श्रेणी में स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि राजनीति से परे, पंडित डोगरा जी ने आम लोगों के कल्याण तथा डोगरी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य किया, जिसके कारण उन्होंने डोगरा समाज में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया।

राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि जिला सांबा के समीलपुर गांव में पंडित प्रेमनाथ डोगरा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, यह पंडित प्रेमनाथ डोगरा का पैतृक गांव है। यह इस महान सपूत को उनकी जन्मभूमि पर दी जाने वाली एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हिमाचल को कौशल हब के रूप में किया जा रहा विकसित : राजेश धर्माणी

**» प्रथम न्यूज़ । शिमला**
**18 मई ( बी.शर्मा )**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार बहुआयामी प्रयास कर रही है। उन्होंने आज तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केवल रोजगार प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाला बनाना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के नवाचार और हुनर को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। प्रदेश में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के साथ-साथ स्टार्टअप इको सिस्टम को विकसित किया जा रहा है। तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों को उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करने के लिए उद्योग विभाग के 120 विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। इसके अलावा प्रशिक्षुओं की सॉफ्ट स्किल्स को मजबूत करने के लिए एआई और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि युवा भविष्य



की चुनौतियों और अवसरों का बेहतर तरीके से सामना कर सकें।

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। एडीबी और अन्य संस्थाओं की सहायता से विभिन्न परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जा रहा है। बागवानी, प्राकृतिक खेती और डेयरी तकनीक जैसे क्षेत्रों में बढ़ती मांग को देखते हुए तकनीकी संस्थानों में इन विषयों को शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में कुशल कार्यबल तैयार किया जा रहा है और प्रशिक्षु क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। नगर निगम मंडी और आईटीआई मंडी के बीच हुए समझौते के तहत 496 स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध करवाई गईं, जिससे क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार हुआ है। इस पहल से विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी मिला है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्किल अकादमी और डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही तकनीकी संस्थानों की ग्रेडिंग भी की जा रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड को भर्ती परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली विकसित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक के बाद उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न तकनीकी महाविद्यालयों और एनआईटी हमीरपुर के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी संस्थान प्रदेश के सुनियोजित विकास और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उप-मुख्य सचेतक की अध्यक्षता में आरटीडीसी की बैठक आयोजित

**» प्रथम न्यूज़ । शिमला**
**18 मई ( बी.शर्मा )**

उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज रोपवे एवं तीव्र परिवहन विकास निगम (आरटीडीसी) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नड्डी ज़िपलाइन परियोजना की प्रगति एवं विभिन्न विभागीय औपचारिकताओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा परियोजना से संबंधित वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई।

आरटीडीसी के अधिकारियों द्वारा अवगत करवाया गया कि नड्डी ज़िपलाइन परियोजना का आवंटन 18 फरवरी 2026 को किया जा चुका है। प्रस्तावित ज़िपलाइन स्टेशनों के लिए भूमि के अंतिम चयन के लिए 5 मई, 2026 को हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, वन विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। संबंधित पटवारियों एवं फील्ड कानूनगो द्वारा राजस्व अभिलेखों पर



हस्ताक्षर भी किए जा चुके हैं।

परियोजना के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए मामला लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड तथा जल शक्ति विभाग के साथ उठाया गया है।

इसके अतिरिक्त गैर-वन भूमि उपलब्ध न होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उपायुक्त कांगड़ा के समक्ष भी मामला प्रस्तुत किया गया है। सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के उपरांत वन भूमि डायवर्जन संबंधी प्रस्ताव 'परिवेश पोर्टल' पर अपलोड किया जाएगा। उप-मुख्य सचेतक ने उपायुक्त कांगड़ा को एनएसी प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड एवं जल शक्ति विभाग को आवश्यक एनओसी शीघ्र जारी करने के निर्देश भी दिए। वन विभाग के प्रभागीय वन अधिकारी को पेड़ों की गणना एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना का मामला जल्द से जल्द परिवेश पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि नड्डी ज़िपलाइन परियोजना हिमाचल प्रदेश में साहसिक पर्यटन को नई पहचान प्रदान करेगी तथा इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बैठक में निदेशक आरटीडीसी अजय वर्मा तथा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जोहड़ ताल गुरुद्वारा में झंडा चढ़ाने की रस्म व विशाल भंडारा

### गुरु की चौकी में शमशेर सम्मू ने किया गुणगान





**» प्रथम न्यूज़ । पट्टा मेहलोग**
**19 मई ( तारा )**

विकास खंड पट्टा की ग्राम पंचायत भावगुड़ी के गांव जोहड़ताल में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल गुरु की मंजी परिसर में दर्जनों लोगों द्वारा झंडा चढ़ाने की रस्म व अरदास पूरी की गई।

इस मौके पर दून के विधायक चौधरी रामकुमार, पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी,पूर्व प्रधान दुर्गावती शर्मा, विधि चंद राणा, हेतराम, ज्योति गुप्ता, ज्ञान चंद रुहान, लक्की कश्यप, गुरमेल चौधरी, रमेश कुमार शर्मा,ओम प्रकाश ठाकुर, सूर्यकांत, अभिनव, मान सिंह, तेजू राम के इलावा स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सुनील कुमार, ज्ञान चंद , मंजू शर्मा सहित अन्य सेवादारों ने झंडा चढ़ाने की रस्म पूरी की व गुरू की चौकी भी लगाई गई।

इस दौरान बद्दी के डाक्टर अंशु शर्मा व उनकी टीम द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन भी किया दोपहर बाद राबी गांव के प्रकाश चंद शर्मा व बागी गांव के हुकमी दत्त की पार्टी ने भजन कीर्तन किया जाएगा, जिसमें पंचायत के लोगों के अलावा दूसरी पंचायतों के लोगों ने भी शीश नवाए।

पंजाब के मशहूर कलाकार शमशेर शम्भू एंड पार्टी ने भजन कीर्तन कर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कमेटी के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि बाबा हरिपुर साहिब की कृपा से यहां वर्षों पूर्व गुरु साहिब की मंजी विराजमान है व हर वर्ष यहां भव्य धार्मिक आयोजन किया जाता है,जिसमें क्षेत्र के इलावा बाहरी राज्य की संगत भी शीश नवाने आती है।

ऐसे में इस स्थान का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

# एसजेवीएन ने अपनी सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ किया

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने एसजेवीएन के कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे 'स्वच्छता पखवाड़ा 2026' के दौरान एसजेवीएन द्वारा अपनी सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों में आयोजित की जा रही समस्त गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) ने निगम मुख्यालय, शिमला में श्री पंकज पोरवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर, श्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, एसजेवीएन का उद्देश्य सतत कार्यों को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों के मध्?य अधिक जागरूकता सृजित करना है। श्री पार्थजीत डे, निदेशक (वित्त) ने दिल्ली स्थित संपर्क कार्यालय में कर्मचारियों को शपथ दिलाई। एसजेवीएन की स्वच्छता, सफाई एवं सतत कार्यों संबंधी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए समस्त परियोजनाओं एवं कार्यालयों में भी इसी प्रकार के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए।



भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप, स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का आयोजन 16 मई से 31 मई 2026 तक किया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इनमें स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण गतिविधियाँ, भाषण प्रतियोगिता, कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम तथा अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलें शामिल हैं। इन पहलों के माध्यम से, एसजेवीएन कर्मचारियों, छात्रों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए, 'स्वच्छ भारत' और सतत विकास के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहा।

# ईशान किशन की तूफानी पारी ने हैदराबाद को प्लेऑफ में दिलाई जगह, चेन्नई को घर में मिली 5 विकेट से हार



ईशान किशन (70) की शानदार पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को आईपीएल-2026 के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। चेन्नई ने अपने घर चेपॉक में पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। हैदराबाद ने ये स्कोर 19 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ ही हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बना ली है। उसकी जीत से गुजरात टाइटंस को भी फायदा हुआ है और वह भी प्लेऑफ में पहुंच गई है। हैदराबाद के 13 मैचों में आठ जीत और पांच हार के बाद 16 अंक हो गए हैं। गुजरात के आंकड़े भी ऐसे ही हैं।

**नहीं मिली तूफानी शुरुआत**

181 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी हैदराबाद को वो तूफानी शुरुआत नहीं मिली जिसकी उम्मीद उससे की जाती है। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में आए ट्रेविस हेड गेंद को मिडिल नहीं कर पा रहे थे और तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने छह गेंदों पर छह रन बनाए। हेड जब आउट हुए तब टीम का स्कोर 18 रन था।

हालांकि, ईशान किशन और अभिषेक ने कुछ हाथ दिखाए जिसके दम पर टीम पावरप्ले में एक विकेट खोकर 45 रन बनाने में सफल रही।

**अभिषेक भी हुए फेल**

हेड के जाने के बाद सारी नजरें अभिषेक पर टिकी थीं। वह भी आज खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे। आखिरकार आठवें ओवर का चौथी गेंद पर उनका भी विकेट गिर गया। अकील हुसैन ने उन्हें स्पेंसर जॉनसन के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाने में सफल रहे।

ईशान किशन अभी भी क्रीज पर थे और उनका साथ देने आए हेनरिक क्लासेन। इस तूफानी बल्लेबाज को 11वें ओवर की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिल गया।

स्पेंसर जॉनसन ने डीप स्क्वायर लेग पर उनका कैच छोड़ दिया। यहां क्लासेन सिर्फ 18 रन पर ही थे। यहां से फिर क्लासेन हावी हो गए और इसी ओवर में उन्होंने 15 रन ठोक दिए।

इन दोनों ही बल्लेबाजों ने फिर चेन्नई के गेंदबाजों को परेशान किया और तेजी से रन बनाए। 14वां ओवर फेंकने आए शिवम दुबे के ओवर में दो चौकों सहित 12 रन दिए। यहां चेन्नई बैकफुट पर थी और हैदराबाद की जीत की उम्मीदें ज्यादा दिख रही थीं।

**नूर अहमद ने दिलाई सफलता**

जब लग रहा था कि हैदराबाद हावी हो रही है तभी नूर अहमद ने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर क्लासेन को संजू के हाथों स्टम्प कर दिया। नूर की गेंद पर क्लासेन हवा में बीट हुए और संजू ने तुरंत ही उनके डंडे उड़ा दिए। क्लासेन तीन रनों से अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 26 गेंदों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 47 रन बनाए।

18वें ओवर की पहली गेंद पर मुकेश चौधरी ने नीतीश रेड्डी को आउट कर हैदराबाद को चौथा झटका दे दिया। दाएं हाथ का ये बल्लेबाज सात गेंदों पर 11 रन ही बना सका। ईशान ने एक छोर संभाले रखा और टीम को जीत के करीब ले गए। हैदराबाद को जब छह रनों की जरूरत थी तब वह आउट हो गए। उन्होंने 47 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के मारे। स्मरण रविचंद्रन ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका मार टीम को जीत दिलाई।

**कमिंस का कमाल**

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और रफ्तार से शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके, लेकिन चेन्नई सुपरकिंग्स ने सामूहिक बल्लेबाजी के दम पर आईपीएल मुकाबले में सोमवार को सात विकेट पर 180 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा कर दिया।

कमिंस ने तीन विकेट झटके, जबकि साकिब हुसैन ने भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया और शिवम दुबे और उर्विल पटेल के विकेट चटकाए।

**बड़ी पारी नहीं खेल सके संजू**

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई को संजू सैमसन ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी की गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़ते हुए 17 रन बटोरे। अगले ओवर में प्रफुल्ल हिंगे को भी सैमसन ने नहीं छोड़ा और लगातार तीन चौके लगाकर चेन्नई के इरादे साफ कर दिए।

हालांकि तीसरे ओवर में कमिंस ने मैच का रुख बदल दिया। तेज रफ्तार से डाली गई फुल लेंथ गेंद पर सैमसन का जोरदार ड्राइव सीधा विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों में चला गया। सैमसन की तेज शुरुआत के बावजूद चेन्नई को बड़ा झटका लगा। युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल ने भी कमिंस पर लगातार दो छक्के जड़कर अपनी आक्रामकता दिखाई, लेकिन साकिब हुसैन की धीमी गेंद को समझने में चूक गए और बोल्ड हो गए।

इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। कार्तिक शर्मा ने अपनी परिपक्वता से प्रभावित किया। उन्होंने प्रफुल्ल हिंगे पर शानदार इनसाइड-आउट चौका लगाया, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर शिवांग कुमार पर पुल शॉट से छक्का भी जड़ा। 19 गेंदों पर 32 रन की उनकी पारी ने चेन्नई को मजबूती दी। लेकिन कमिंस ने एक बार फिर वापसी करते हुए गति में बदलाव वाली गेंद पर कार्तिक को आउट करा दिया।

ऊपरी कट लगाने की कोशिश में कार्तिक नीतीश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे। इसके कुछ देर बाद कङ्क्मस की तेज शार्ट गेंद पर गायकवाड़ भी बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए। गायकवाड़ ने 21 गेंदों पर संघर्षपूर्ण 15 रन बनाए।

**ब्रेविस और दुबे ने संभाली**

मध्यक्रम में चेन्नई की पारी कुछ समय के लिए लड़खड़ा गई, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे ने तेजी से रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की। ब्रेविस इस सीजन अब तक लय में नहीं दिखे थे, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कमिंस पर छक्का लगाया और नीतीश रेड्डी की गेंदों पर भी बड़े शॉट खेले।

ब्रेविस ने 27 गेंदों पर 44 रन बनाए, जो इस सीजन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। हालांकि ईशान मलिगा की 141 किमी प्रतिघंटा की तेज गेंद ने ब्रेविस की पारी का अंत कर दिया। गेंद सीधा स्टंप्स से टकराई और चेन्नई की तेजी पर फिर ब्रेक लग गया। अंतिम ओवरों में शिवम दुबे और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने टीम को 200 रन तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन हैदराबाद के गेंदबाजों ने अच्छी वापसी करते हुए चेन्नई को 180 रन पर रोक दिया। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 28 रन देकर तीन अहम विकेट झटके और चेन्नई को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोकने में अहम भूमिका निभाई।

# श्रीलंका दौरे पर जाएगी टीम इंडिया, खेलेगी टेस्ट सीरीज; इस महीने में हो सकती है भिड़ंत




भारतीय क्रिकेट टीम श्रीलंका का दौरा करेगी और टेस्ट सीरीज खेलेगी। हालांकि, इस टेस्ट सीरीज की तारीखों का अभी खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक ये सीरीज अगस्त महीने के दूसरे हाफ में खेली जाएगी।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए दो सप्ताह की विंडो निकाली है। ये सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी।

**आजादी के दिन से हो सकती है शुरुआत** – क्रिकबज ने अपनी रिपोर्ट में एसएलसी और बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि ये सीरीज 15 अगस्त से 27 अगस्त के बीच खेली जाएगी। वहीं इस दौरे पर तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेली जानी थी, लेकिन इसे लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है।

दो टेस्ट मैचों की सीरीज लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के बाद खेली जाएगी जिसका समापन नौ अगस्त को होगा। टेस्ट सीरीज की समय सीमा को लेकर सीरीज से जुड़े सभी हितधारकों को बता दिया गया है।

**बीसीसीआई सचिव ने किया था दौरा :** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में श्रीलंका का दौरा किया था। वह आईसीसी के उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे जो राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा भंग किए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के बाद वहां की स्थिति की समीक्षा करने वहां गया था। इसके बाद सरकार ने अंतरिम समिति का गठन किया था जो क्रिकेट बोर्ड का कामकाज देख रही है।

# वैभव सूर्यवंशी की सबसे बड़ी कमी उजागर, पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा- टीम इंडिया के लिए अभी तैयार नहीं

वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से ऐसा तूफान मचाया है कि हर कोई उनका मुरीद हो गया है। उनकी बल्लेबाजी गेंदबाजों के लिए खौफ बन चुकी है। इसी कारण भारत के कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि 15 साल के इस युवा बल्लेबाज का जल्दी से टीम इंडिया में चयन किया जाना चाहिए। हालांकि, मोहम्मद कैफ इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

कैफ ने वैभव के खेल में कमी बताई है जो दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को देखने को मिली। कैफ ने कहा है कि वैभव को अपनी फील्डिंग पर काम करने की जरूरत है। दिल्ली के खिलाफ वैभव ने खराब फील्डिंग की थी।

**कैफ ने उठाए सवाल**

कैफ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आईपीएल में फील्डिंग का स्तर देख दुख होता है। आज यश राज ने केएल राहुल का कैच तब छोड़ा जब वह जीरो पर थे। वैभव सूर्यवंशी ने भी मिसफील्ड की। युवा लड़के ने अभी तक इस सीजन में कैच नहीं लिया है। भारत के लिए खेलते हुए उन्हें फील्डिंग में और बेहतर होना होगा। ये कोचेस का काम है कि वह इस युवा को फील्डिंग सिखाएं। वहीं लड़कों को फील्डिंग का लुत्फ लेना चाहिए और इस पर गर्व करना चाहिए।






# राजभवन में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, राज्यपाल कटारिया के ADC गौरव मलिक ने छोड़ा पद

## गुलाब चंद कटारिया के करीबी अधिकारी गौरव मलिक का इस्तीफा, गुरुग्राम की निजी कंपनी जॉइन करने की चर्चा, एयरफोर्स पृष्ठभूमि वाले गौरव मलिक ने छोड़ी राजभवन की जिम्मेदारी, राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
18 मई ( एएम नाथ )

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के एडीसी (एड-डी-कैंप) गौरव मलिक ने अपना पद छोड़ दिया है।

राजभवन और प्रशासनिक हलकों में इस घटनाक्रम को एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। गौरव मलिक लंबे समय से राज्यपाल के साथ जुड़े हुए थे और प्रशासनिक समन्वय तथा प्रोटोकॉल संबंधी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए जाने जाते थे।

सूत्रों के अनुसार गौरव मलिक पिछले कई वर्षों से राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के साथ एडीसी के पद पर कार्यरत थे। राज्यपाल के आधिकारिक कार्यक्रमों, वीआईपी दौरों, सुरक्षा समन्वय और विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका रहती थी। राजभवन के भीतर उनकी कार्यशैली और अनुशासन को लेकर अधिकारियों के बीच अच्छी छवि मानी जाती थी।

जानकारी के मुताबिक गौरव मलिक भारतीय वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी रह चुके हैं। सैन्य पृष्ठभूमि होने के कारण उन्हें प्रशासनिक व्यवस्था, अनुशासन और समन्वय का व्यापक अनुभव था। यही कारण रहा कि उन्हें राजभवन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। सूत्र बताते हैं कि वह वर्तमान समय में एक्सटेंशन पर अपनी सेवाएं दे रहे थे और अगले वर्ष उनकी सेवानिवृत्ति प्रस्तावित थी। हालांकि रिटायरमेंट से पहले ही उन्होंने अपने पद से अलग होने का फैसला लिया, जिसके बाद कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।



गौरव मलिक मूल रूप से हरियाणा के जींद जिले के एक गांव से संबंध रखते हैं।

शांत स्वभाव और पेशेवर कार्यशैली के चलते उन्होंने प्रशासनिक हलकों में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके अचानक पद छोड़ने को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं।

सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि गौरव मलिक ने गुरुग्राम स्थित एक बड़ी बिल्डर कंपनी में अधिकारी के तौर पर जॉइन कर लिया है। हालांकि अभी तक कंपनी के नाम का खुलासा नहीं हुआ है और न ही इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

फिलहाल राजभवन या संबंधित पक्ष की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

ऐसे में अब सभी की नजरें संभावित आधिकारिक प्रतिक्रिया पर टिकी हुई हैं।

# पंजाब मंत्री संजीव अरोड़ा भेजे गए जेल

## कोर्ट में बेटी को गले लगा फूट-फूटकर रोए

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
18 मई ( एएम नाथ )

पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल भेज दिया गया है। श्वष्ठ ने रिमांड खत्म होने पर अरोड़ा को आज सोमवार को गुरुग्राम स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। जहां कोर्ट ने संजीव अरोड़ा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं कोर्ट ने इस मामले (मनी लौंडेरिंग) की अगली सुनवाई के लिए 1 जून 2026 की तारीख तय की है।

### कोर्ट में फूट-फूटकर रोते दिखे मंत्री संजीव अरोड़ा

कोर्ट में पेशी के दौरान संजीव अरोड़ा जब अपने परिवार से मिले तो मिलकर बेहद भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े। अरोड़ा कोर्ट परिसर में अपनी बेटी को गले लगा फूट-फूटकर रोते हुए दिखे। वहीं अरोड़ा को बढ़ी हुई सफ़ेद दाढ़ी में देखा गया। ज्ञात रहे कि इससे पहले गुरुग्राम स्पेशल कोर्ट ने मंत्री संजीव अरोड़ा की श्वष्ठ हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी थी। जबकि इससे पहले कोर्ट ने पहली बार अरोड़ा को 7 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा था। यानि कोर्ट ने अरोड़ा को 2 बार श्वष्ठ की रिमांड में भेजा।

**केजरीवाल ने अरोड़ा को बताया बहादुर :** इधर आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने संजीव अरोड़ा के रोने वाले वीडियो पर प्रतिक्रिया दी। केजरीवाल ने अरोड़ा को बहदुर और देशभक्त बताया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, संजीव जी, आप बहादुर हो। देशभक्त हो। पूरे पंजाब को आप पर गर्व है। वहीं इसी तरह पंजाब आम आदमी पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी संजीव अरोड़ा को जेल भेजे जाने पर प्रतिक्रिया दी। सिसोदिया ने लिखा, जिसने दिया हैं एक कतरा भी साथ हमारा, रही जिंदगी तो समन्दर लौटाएँगे...

### संजीव अरोड़ा पर 100 करोड़ से ज्यादा के हेरफेर के आरोप

केंद्रीय जांच एजेंसी संजीव अरोड़ा के खिलाफ 100 करोड़ से ज्यादा के हेरफेर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। अरोड़ा पर स्न्श्वक्रू नियमों का उल्लंघन करते हुए किए गए विदेशी लेन-देन का आरोप भी है। श्वष्ठ ने संजीव अरोड़ा से जुड़े कई बैंक खाते अटैच कर लिए हैं और इस नेटवर्क से जुड़े डीमैट खातों व म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को भी फ्रीज़ कर दिया गया है। यानि यह पूरी कार्रवाई करोड़ों रुपये के अवैध लेन-देन और घोटाले को लेकर की गई है।



# अमनदीप मेडिसिटी ने उजाला सिग्नस के सहयोग से

## वैस्कुलर सर्जन्स के साथ एकेडमिक मीटिंग की




**अमृतसर ( साहिब दयाल )** अमनदीप मेडिसिटी ने उजाला सिग्नस के साथ पार्टनरशिप में और एसोसिएशन ऑफ़ नॉर्थ ज़ोन ऑफ़ कार्डियो थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जन्स के साथ मिलकर हॉलिडे इन, रंजीत एवेन्यू अमृतसर में एक खास एकेडमिक प्रोग्राम ऑर्गनाइज़ किया। इस प्रोग्राम में जाने-माने कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन एक साथ आए ताकि क्लिनिकल इनसाइट्स शेयर की जा सकें, एडवांस्ड सर्जिकल टेक्नीक्स पर चर्चा की जा सके और पूरे नॉर्थ ज़ोन में एकेडमिक कोलेबोरेशन को मज़बूत किया जा सके। इवेंट में फ्री पेपर्स सेशन शुरू हुआ। यह मीटिंग डॉ. पंकज गोयल ने ऑर्गनाइज़ की थी। अमनदीप मेडिसिटी के कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के ऑर्गनाइज़िंग सेक्रेटरी और डायरेक्टर, डॉ. पंकज गोयल ने कहा, यह एकेडमिक मीट कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जनों के लिए नई सर्जिकल टेक्नीक और टेक्नोलॉजी पर जानकारी शेयर करने के लिए एक ज़रूरी प्लेटफ़ॉर्म के तौर पर काम आया। एक्सपर्ट्स युवा सर्जनों को एक साथ लाकर, हमारा मकसद पूरे इलाके में सीखने, मिलकर काम करने और मरीज़ों को बेहतर नतीजे देने को बढ़ावा देना है। अमनदीप अस्पताल की डायरेक्टर, डॉ. अमनदीप कौर ने कहा एकेडमिक प्लेटफ़ॉर्म को होस्ट करना पंजाब और बड़े नॉर्थ ज़ोन में एडवांस्ड कार्डियक और वैस्कुलर सर्जिकल जानकारी लाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। अमनदीप मेडिसिटी, उजाला सिग्नस के साथ पार्टनरशिप में, उन कोशिशों को सपोर्ट करना जारी रखेगी जो क्लिनिकल एक्सीलेंस को मुमकिन बनाती हैं और घर के पास मरीज़ों की देखभाल को मज़बूत करती हैं।

# सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

## आधुनिक युग में शिक्षक की भूमिका एक फैसिलिटेटर के रूप में महत्वपूर्ण : प्रिंसिपल डॉ. भल्ला

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
18 मई ( संदीप सन्नी )

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला के नेतृत्व में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल और इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का कॉआर्डिनेशन डॉ. जतिंदर सिंह द्वारा किया जा रहा है।

**विशेषज्ञों ने साझा किए विचार**

प्रोग्राम के पहले दिन खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रसिद्ध रिसोर्स पर्सन डॉ. बलजीत कौर और डॉ. अवनीत कौर ने शिक्षा के आधुनिक मानकों पर विस्तृत व्याख्यान दिए।

-पाठ्यक्रम विकास- डॉ. बलजीत कौर ने प्रभावी पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विद्यार्थियों की जरूरतों और सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखने पर जोर दिया। उन्होंने 21वीं सदी के कौशल जैसे कि रचनात्मकता, सहयोग और संचार को अपनाने की आवश्यकता बताई।

-परिणाम आधारित शिक्षा- डॉ. अवनीत कौर ने आउटकम-बेस्ड एजुकेशन को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण बताते हुए ब्लूम्स टैक्सोनॉमी और लर्निंग आउटकम्स को प्रभावशाली बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

### डिजिटल टूल्स और नई शिक्षा नीति पर जोर

प्रिंसिपल डॉ. भल्ला ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीक के कारण आज शिक्षा क्लासरूम की सीमाओं से बाहर निकल चुकी है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत रिसर्च, स्किल-बेस्ड और मल्टी-डिसिप्लिनरी शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को डिजिटल टूल्स और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम अपनाने के लिए प्रेरित किया।

यह प्रोग्राम शिक्षकों की पेशेवर क्षमता को मजबूत करने और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण की नई तकनीकों से लैस करना है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और कौशल-आधारित शिक्षा मिल सके।



एक नज़र

# यूपी पंचायत चुनाव का रास्ता साफ

## उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट ने OBC आयोग का ऐलान किया



**लखनऊ ( ब्यूरो )**– उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। यूपी की योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का ऐलान कर दिया है। कैबिनेट मीटिंग में नए ओबीसी आयोग को मंजूरी मिली। आयोग ही पंचायत चुनाव में आरक्षण तय करेगा। हालांकि अब 26 मई तक पंचायत चुनाव कराना संभव नहीं लग रहा है। आयोग छह महीने में अपनी रिपोर्ट देगा। ऐसे में चुनाव अब मार्च में विधानसभा चुनाव के बाद ही संभव लग रहे हैं।

उत्तर प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ओबीसी आयोग सभी 75 जिलों में बैठक, जातिवार और आर्थिक आंकड़ों की समीक्षा के बाद ही आरक्षण संबंधी अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव आरक्षण की जो सिफारिशें आएंगी, उस पर फिर राजनीतिक दलों और अन्य संबंधित पक्षों से आपत्तियां मांगी जाएगी, जिनके निस्तारण करने में भी एक महीने का वक्त लग सकता है। ऐसे में पंचायत चुनाव हाल फिलहाल होना मुश्किल लग रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानीय निकाय संस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकायों के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठन को मंजूरी दे दी है। ये आयोग पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए हर जिले में सामाजिक, राजनीतिक पिछड़ेपन के आंकड़ों का अध्ययन करेगा।

# जम्मू-कश्मीर सरकार का नशे के कारोबारियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक

## करोड़ों की संपतियां जब्त, 15 करोड़ की 41 संपतियां हुईं ध्वस्त




**जम्मू ( ब्यूरो )**– जम्मू-कश्मीर सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अभियान छेड़ रखा है। पुलिस ने गडीगढ़ इलाका में ड्रग तस्करी से जुड़े एक व्यक्ति का आलीशान घर ध्वस्त कर दिया। कश्मीर में ही एक इलाके में 33 इमारतों पर बुलडोजर चला दिया गया। इन इमारतों का इस्तेमाल ड्रग्स रखने के लिए किया जाता था। यहीं से ड्रग्स को अलग-अलग जगह सप्लाई किया जाता था।

**ड्रग्स के आतंक के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक** – दंडात्मक कार्रवाई के तहत जम्मू और कश्मीर सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों और इस अवैध व्यापार में शामिल लोगों के घरों को बुलडोजर से गिराना शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ चलाए गए 100 दिनों के ऑपरेशन ने यह साफ संदेश दिया है कि नशे के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**42 करोड़ रुपये की 97 संपत्तियां जब्त** – जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक लगभग 41.85 करोड़ रुपये की 97 संपत्तियां जब्त की हैं और लगभग 15 करोड़ रुपये की 41 अन्य संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अब उनका ध्यान ड्रग्स की तस्करी की वित्तीय रीढ़ को कुचलने पर है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने बताया कि यह कार्रवाई 11 अप्रैल से 12 मई तक चलाए गए 100 दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के पहले महीने का हिस्सा है।

पुलिस ने बताया कि पिछले महीने एनडीपीएस अधिनियम के तहत 724 मामले दर्ज किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 806 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी के अनुसार, यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग सात गुना वृद्धि दर्शाता है। अधिकारियों ने 667 किलोग्राम मादक पदार्थ और 19,000 यूनिट मनोरोगी पदार्थ भी जब्त किए। गिरफ्तार किए गए लोगों में कथित तौर पर बार-बार अपराध करने वाले अपराधी शामिल हैं, जिनमें 28 मामलों में वांटेड गुलजार अहमद उर्फ लाऊ गुज्जर और 17 मामलों में वांटेड अवनीत सिंह उर्फ नागी शामिल हैं।

# आप नेता दीपक सिंगला को ईडी ने किया गिरफ्तार

## बीजेपी पर हमलावर हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**– प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार कर लिया है। दीपक सिंगला की गिरफ्तारी पर अरविंद केजरीवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दीपक सिंगला को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया कि उसने कोई गलत काम किया है बल्कि इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि वो बीजेपी के खिलाफ काम कर रहा था और उसने बीजेपी में शामिल होने से मना कर दिया। दीपक बहादुर है और देश के लिए लड़ रहा है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली और गोवा समेत कई ठिकानों पर दो अलग-अलग मामलों में बड़ी छापेमारी की। ईडी की पहली कार्रवाई आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता दीपक सिंगला के खिलाफ हुई है। बैंक धोखाधड़ी (बैंक फ्रॉड) के एक मामले में जांच एजेंसी दिल्ली और गोवा में उनके ठिकानों पर तलाशी ली। वहीं, दूसरी कार्रवाई दिल्ली के सुभाष नगर स्थित 'बाबाजी फाइनेंस ग्रुप के राम सिंह के ठिकानों पर की गई है।



**ईडी की दो अलग-अलग मामलो में कार्रवाई**

बाबाजी फाइनेंस ग्रुप के खिलाफ यह कार्रवाई आम जनता से धोखाधड़ी करने और करीब 180 करोड़ रुपये की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) के आरोप में की गई है। ईडी की यह कार्रवाई दो अलग-अलग मामलों में की। जिसमें पहले मामले में दिल्ली और गोवा में बैंक फ्रॉड मामले में आप नेता दीपक सिंगला के ठिकानों पर ईडी की तलाशी से जुड़ा है। दूसरे मामले में दिल्ली के सुभाष नगर स्थित बाबाजी फाइनेंस ग्रुप के राम सिंह के ठिकानों पर भी ईडी की छापेमारी हुई, जहां आम जनता से ठगी कर करीब 180 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# लखीमपुर खीरी हादसा: पलभर में चली गई 10 लोगों की जान

» प्रथम न्यूज़ । गुजरात
18 मई ( ब्यूरो )

लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। ऊंच गांव भरेहटा के बीच लखीमपुर-बहराइच हाईवे पर मैजिक गाड़ी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से यह हादसा हुआ।

मरने वाले सभी लोग मैजिक गाड़ी में सवार थे। मृतकों में दो सगे भाई और शिक्षिका भी शामिल हैं। हादसे के बाद मृतक के परिवारों में गहरा मातम छा गया है।

अस्पताल में एक साथ 10 लाशें देखकर लोगों की रूह कांप गई। इस दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार, मैजिक गाड़ी लखीमपुर से सिसैया जा रही थी, जिसमें 10 लोग सवार थे। बहराइच की ओर से आ रहे ट्रक से मैजिक की टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया।

घायलों को तुरंत सीएचसी खमरिया पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य ने ओयल अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## लाशें देख कांप उठा कलेजा

सीएचसी खमरिया में एक साथ नौ लाशें देखकर परिजनों और अन्य लोगों का कलेजा कांप उठा।

मृतकों के परिजन अस्पताल में अपनों को तलाशते हुए रोते-बिलखते नजर आए, जिससे माहौल गमगीन हो गया। सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## मौके पर 40 मिनट तक चला बचाव अभियान

बचाव अभियान और प्रशासनिक कार्रवाई हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने करीब 40 मिनट तक बचाव अभियान चलाया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सीएचसी खमरिया पहुंचाया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का भी मुआयना किया।

हादसे में मरने वाले नौ लोगों की शिनाख्त हो गई है, जिनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं। इन मजदूरों के गांव पहुंचने से पहले ही काल ने उन्हें छीन लिया। इस हृदय विदारक घटना से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है और हर तरफ शोक का माहौल है।




## इन मृतकों की हुई शिनाख्त

अदनान (15 वर्ष) पुत्र अकील खान निवासी मुस्लिमनगर रामापुर, कोतवाली सदर, खीरी।

पप्पू (18 वर्ष) पुत्र दूलन गौतम निवासी देवदत्तपुर थाना खैरी घाट, बहराइच।

पवन पुत्र संतोष निवासी मझरा थाना मूर्तिहा, जनपद बहराइच।

सोहन (21 वर्ष) पुत्र संतोष निवासी मझरा, थाना मूर्तिहा, जनपद बहराइच। पवन और सोहन आपस में सगे भाई हैं।

राजेश गोयल पुत्र मनिलाल निवासी महपुरवा थाना मिहींपुरवा, बहराइच।

सहजराम (35 वर्ष) पुत्र छोटेलाल निवासी ककरहा मूर्तिहा, जनपद बहराइच।

जयवीर सिंह पुत्र पेशकार सिंह निवासी मनगौढिया, जनपद बहराइच।

गायत्री गुप्ता (44 वर्ष) रमेश चंद्र गुप्ता मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर बस स्टॉप सीतापुर थाना कोतवाली सदर, खीरी।

जुलेखा 45 पत्नी हबीब, पलटूपुरवा थाना धौरहरा

## अधिकारियों ने किया मौका मुआयना

बचाव अभियान और प्रशासनिक कार्रवाई हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने करीब 40 मिनट तक बचाव अभियान चलाया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सीएचसी खमरिया पहुंचाया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का भी मुआयना किया।

# सागरताल में आगजनी की बड़ी घटना, पेट्रोल पंप सुरक्षित

» प्रथम न्यूज़ । ग्वालियर
18 मई ( ब्यूरो )



मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के सागरताल क्षेत्र में सोमवार तड़के एक कबाड़ और गाड़ियों की सीट बनाने वाले गोदाम में भीषण आग लग गई।

रिहायशी इलाके में स्थित इस गोदाम में लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास की बस्तियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, आग सोमवार सुबह करीब 5 बजे लगी। गोदाम में गाड़ियों की सीट बनाने के लिए भारी मात्रा में फोम और ज्वलनशील कबाड़ रखा हुआ था, जिसने लपटों को तेजी से हवा दी। आसमान में उठते काले धुएं और लपटों को देख स्थानीय लोग नींद से जागे और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचित किया। नजदीकी पुरानी छावनी थाना पुलिस और फायर मुख्यालय से तत्काल रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने सबसे पहले प्रभावित गोदाम के आसपास बने मकानों को खाली कराया।

चश्मदीदों के मुताबिक, यह आग एक बड़ी तबाही का सबब बन सकती थी। घटनास्थल से महज दो-तीन मकानों की दूरी पर एक पेट्रोल पंप और दूसरी तरफ एक मैरिज गार्डन स्थित है। गनीमत रही कि हवा का रुख अनुकूल था और दमकल कर्मियों ने समय रहते मोर्चा संभाल लिया, अन्यथा रिहायशी इलाके में एक बड़ा विस्फोट या भारी जनहानि हो सकती थी। इस हादसे ने एक बार फिर शहर के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से संचालित हो रहे व्यावसायिक गोदामों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि घनी बस्तियों में कबाड़ और फोम जैसे ज्वलनशील पदार्थों के गोदामों पर सख्त पाबंदी होने के बावजूद, प्रशासन की नाक के नीचे ये धड़ल्ले से चल रहे हैं। फिलहाल, पुलिस आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रही है।

# 20 मई को खाटूश्यामजी मंदिर बंद रहेगा, खाटूश्यामजी मंदिर बंद रहने की सूचना जारी

» प्रथम न्यूज़ । जयपुर
18 मई ( ब्यूरो )



खाटूश्यामजी मंदिर से श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने विशेष सेवा-पूजा और तिलक श्रृंगार के चलते 20 मई को पूरे दिन बाबा श्याम के दर्शन बंद रखने का निर्णय लिया है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष रवि सिंह चौहान ने बताया कि 19 मई की रात 10 बजे से मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी। इसके बाद बाबा श्याम के विशेष तिलक श्रृंगार और सेवा-पूजा की तैयारियां शुरू होंगी। इसी कारण 20 मई को पूरे दिन मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे ।मंदिर प्रशासन के अनुसार तिलक श्रृंगार हर वर्ष धार्मिक परंपराओं और विधि-विधान के साथ किया जाता है। इस दौरान मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है तथा केवल पुजारी और सेवा से जुड़े लोग ही मंदिर परिसर में मौजूद रहते हैं।

कमेटी ने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से यात्रा की योजना निर्धारित समय को ध्यान में रखकर बनाने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े। विशेष पूजा-अर्चना पूर्ण होने के बाद बीस मई की शाम 5 बजे मंदिर के कपाट पुनः श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

# IndiGo फ्लाइट में उड़ान से पहले बिजली गुल, यात्रियों को केबिन में भीषण गर्मी और घुटन का सामना

» प्रथम न्यूज़ । गुजरात
18 मई ( ब्यूरो )



कल रात इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में उस समय यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जब विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले अचानक पूरी बिजली सप्लाई बंद हो गई। टरमैक पर खड़े विमान में यह तकनीकी खराबी ग्राउंड पावर यूनिट (GPU) के फेल हो जाने के कारण हुई, जिससे केबिन के भीतर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, जैसे ही ग्राउंड पावर यूनिट ने काम करना बंद किया, विमान के अंदर की सभी लाइटें बुझ गईं और एयर कंडीशनिंग सिस्टम भी पूरी तरह ठप हो गया। इससे विमान के भीतर बैठे यात्रियों को अचानक अंधेरे और भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। केबिन पूरी तरह सील होने के कारण कुछ ही मिनटों में भीतर घुटन और बेचैनी की स्थिति पैदा हो गई। यात्रियों ने बताया कि एसी बंद होने के बाद तापमान तेजी से बढ़ने लगा, जिससे कई लोगों को सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई। इस दौरान विमान में कुछ समय के लिए भय और असहजता का माहौल बन गया। हालांकि, क्रू मेंबर्स ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और यात्रियों को शांत रहने की अपील की। तकनीकी टीम को तुरंत सूचित किया गया और ग्राउंड स्टाफ ने समस्या को ठीक करने के प्रयास शुरू किए।

बताया जा रहा है कि यह पूरी स्थिति उस समय उत्पन्न हुई जब विमान पूरी तरह बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी कर चुका था और उड़ान भरने की तैयारी में था। इसी बीच अचानक पावर सप्लाई बंद हो जाने से सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम प्रभावित हो गए। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस तरह की स्थिति में पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों ने इसे गंभीर सुरक्षा और तकनीकी लापरवाही बताया। कुछ समय बाद ग्राउंड पावर यूनिट को ठीक करने या वैकल्पिक सप्लाई जोड़ने के प्रयास किए गए, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। हालांकि, इस दौरान यात्रियों को काफी देर तक असुविधा झेलनी पड़ी। एयरलाइन की ओर से अभी तक इस घटना पर विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तकनीकी खराबी को अस्थायी बताया गया है और इसकी जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर एयरपोर्ट पर ग्राउंड सपोर्ट सिस्टम की विश्वसनीयता और विमान संचालन के दौरान तकनीकी बैकअप व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



यात्रियों का कहना है कि ऐसी स्थिति में सुरक्षा और आराम दोनों पर असर पड़ता है, जिसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। कुल मिलाकर, इंडिगो फ्लाइट में हुई इस तकनीकी खराबी ने यात्रियों को उड़ान से पहले ही मुश्किल स्थिति में डाल दिया और विमानन सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# वीडी सतीशन ने ली ष्टरूपद की शपथ, राहुल, प्रियंका और खरगे समेत कांग्रेस के तमाम बड़े नेता रहे मौजूद

» प्रथम न्यूज़ । केरल
18 मई ( ब्यूरो )



केरल के नए मुख्यमंत्री के रुप में वीडी सतीशन ने पद की शपथ ली। तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। वीडी सतीशन के शपथ ग्रहण के साथ ही केरल में सीपीआई(एम) के दिग्गज नेता पिनाराई विजयन के एक दशक लंबे शासन का औपचारिक रूप से अंत हो गया।

दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के नेतृत्व में कांग्रेस के आखिरी बार सत्ता में आने के 15 साल बाद कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ सत्ता में लौट आया है। कांग्रेस नेताओं ने इस शपथ ग्रहण को केरल में एक नए राजनीतिक युग की शुरुआत के रूप में वर्णित किया हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस अवसर पर कहा कि ये केरल की ऐतिहासिक जीत है और हम सभी को इसकी बहुत खुशी है।

उन्होंने कहा कि केरल के लोगों के लिए बहुत खास दिन है क्योंकि 10 साल के बाद यूडीएफ सत्ता में आ रही है। एलडीएफ का 10 साल का शासन जनता ने अस्वीकार कर दिया है।

अब ये हमारी जिम्मेदारी है कि केरल के लोगों को अच्छी सरकार दें। बता दें कि हाल ही में संपन्न चुनाव में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने जबरदस्त वापसी करते हुए 140 सदस्यों वाली विधानसभा में 102 सीटें जीतीं, जबकि अकेले कांग्रेस ने रिकॉर्ड 63 सीटें हासिल कीं, जो राज्य में उसका अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है।


# UAE न्यूक्लियर प्लांट के किनारे ड्रोन हमले से सीज़फ़ायर टेस्ट हुआ

» प्रथम न्यूज़ । दुबई
18 मई ( एजेंसी )

रविवार को यूनाइटेड अरब अमीरात के इकलौते न्यूक्लियर पावर प्लांट को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया, जिससे उसके आस-पास आग लग गई। किसी के घायल होने या रेडियोलॉजिकल रिलीज़ की कोई खबर नहीं है, लेकिन इससे नए युद्ध का खतरा बढ़ गया है क्योंकि ईरान का सीज़फ़ायर अभी भी कमज़ोर है। किसी ने तुरंत ज़िम्मेदारी नहीं ली, और,श्व ने किसी पर इल्ज़ाम नहीं लगाया। हालाँकि, उसने ईरान पर हाल के दिनों में कई ड्रोन और मिसाइल हमले करने का आरोप लगाया है क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव बढ़ गया है, यह एक ज़रूरी एनर्जी वॉटरवे है जिस पर ईरान का अभी भी कब्ज़ा है।

यूनाइटेड स्टेट्स ईरानी पोर्ट्स को ब्लॉक कर रहा है, और ज़्यादा टिकाऊ शांति के लिए डिप्लोमैटिक कोशिशें बार-बार नाकाम रही हैं। इस बीच,श्व ने इज़राइल के एयर डिफ़ेंस और लोगों को होस्ट किया है, जो 28 फरवरी के हमले में स के साथ शामिल हुए थे जिससे युद्ध शुरू हुआ था। स प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि दुश्मनी फिर से शुरू हो सकती है, और ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बार-बार ऐसे हिस्से दिखाए हैं जिनमें एंकर कलाश्निकोव-स्टाइल राइफ़ल पकड़े हुए हैं ताकि जनता को युद्ध के लिए तैयार किया जा सके। लेबनान में इज़राइल और ईरान के सपोर्ट वाले हिज़्बुल्लाह मिलिटेंट ग्रुप के बीच भी लड़ाई तेज़ हो गई है, जबकि वहाँ मामूली सीज़फ़ायर हुआ है, जिससे बड़े सीज़फ़ायर में और तनाव आ गया है।

UAE ने साउथ कोरिया की मदद से USD 20 बिलियन का बराक न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाया था और 2020 में इसे ऑनलाइन किया गया था। यह अरब दुनिया का पहला और इकलौता न्यूक्लियर पावर प्लांट है और UAE, जो सात शेखों का एक फेडरेशन है, की सभी एनर्जी ज़रूरतों का एक चौथाई हिस्सा पूरा कर सकता है। UAE के न्यूक्लियर रेगुलेटर ने कहा कि आग से प्लांट की सेफ्टी पर कोई असर नहीं पड़ा। ऑर्गनाइज़ेशन ने ङ्ग पर लिखा, सभी यूनिट नॉर्मल तरीके से काम कर रही हैं। UAE के बयान में हमले के लिए किसी पार्टी को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया गया। वियना में मौजूद इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी, जो यूनाइटेड नेशंस की न्यूक्लियर वॉचडॉग है, ने कहा कि हमले से एक इलेक्ट्रिकल जनरेटर में आग लग गई और एक रिएक्टर को इमरजेंसी डीज़ल जनरेटर से पावर मिल रही थी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि IAEA के डायरेक्टर-जनरल राफेल मारियानो ग्रॉसी ने इस घटना पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि न्यूक्लियर सेफ्टी के लिए खतरा पैदा करने वाली मिलिट्री एक्टिविटी मंजूर नहीं है।



रविवार के हमले से पहली बार चार-रिएक्टर वाले बराक प्लांट को युद्ध में निशाना बनाया गया। यह सऊदी अरब के साथ बॉर्डर के पास है, जो,श्व की राजधानी अबू धाबी से लगभग 225 किलोमीटर (140 मील) पश्चिम में है। यमन के ईरान-समर्थित हूती विद्रोहियों, जिनसे UAE ने सऊदी-नेतृत्व वाले गठबंधन के हिस्से के तौर पर लड़ाई लड़ी है, ने दावा किया था कि उन्होंने 2017 में प्लांट को तब निशाना बनाया था जब वह बन रहा था, जिसे उस समय अबू धाबी ने मना कर दिया था। UAE ने पावर प्लांट को लेकर स के साथ एक सख्त डील साइन की, जिसे 123 एग्रीमेंट के नाम से जाना जाता है, जिसमें वह किसी भी प्रोलिफरेशन के डर को रोकने के लिए घरेलू यूरेनियम एनरिचमेंट और इस्तेमाल किए गए फ्यूल की रीप्रोसेसिंग छोड़ने पर सहमत हुआ। इसका यूरेनियम विदेश से आता है।

यह ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम से बहुत अलग है, जो अमेरिका और इज़राइल के साथ उसके लंबे समय से चल रहे झगड़े का केंद्र है। ईरान का कहना है कि उसका प्रोग्राम शांतिपूर्ण मकसद के लिए है, लेकिन उसने अपने यूरेनियम को हथियार बनाने लायक लेवल के करीब एनरिच किया है और इस बात का शक है कि कम से कम 2003 तक उसके प्रोग्राम में मिलिट्री हिस्सा था। उसने अक्सर UN इंस्पेक्टरों के काम पर भी रोक लगाई है। माना जाता है कि इज़राइल इस इलाके का अकेला न्यूक्लियर हथियार वाला देश है, लेकिन उसने न तो एटॉमिक हथियार होने की बात कन्फर्म की है और न ही मना किया है। युद्ध के दौरान ईरान ने इज़राइल की डिमोना न्यूक्लियर फैसिलिटी के पास हमला किया था। हाल के सालों में युद्धों में न्यूक्लियर प्लांट को तेज़ी से निशाना बनाया गया है, जिसमें 2022 में यूक्रेन पर रूस का बड़े पैमाने पर हमला भी शामिल है। ईरान युद्ध के दौरान, तेहरान ने बार-बार दावा किया कि उसके बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हमला हुआ था, हालांकि उसके रूस द्वारा चलाए जा रहे रिएक्टर को कोई सीधा नुकसान नहीं हुआ था या कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज़ नहीं हुआ था।